तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025





पढ़ें पेज - 3





## खबर संक्षेप

### बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ धरना आज

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि के विरोध में मंगलवार को दोपहर बारह बजे नेहरू चौक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी का कहना है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजरअंदाज कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही परेशानियों पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर या एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आम आदमी पार्टी का कहना है कि सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है और भ्रष्टाचार कर रही है। निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें, क्योंकि पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों। सरकार लाइन लॉस 15-20 प्रतिशत बताती है जबकि 3 प्रतिशत से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है।

### आरटीओ लगाएगा शिविर नंबर प्लेट बदलने की सुविधा

**बिलासपुर।** जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा पहल की जा रही है। 3 से 30 नवंबर तक आनलाइन आवेदन किए जा सकेंगें। इसके लिए शिविर का संचालन किया जाएगा। खास बात यह है कि परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लोगों को सहुलियत दी जाएगी। इस दौरान जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय, कलेक्टोरेट, सिम्स, जिला अस्पताल, उस्लापुर रेलवे स्टेशन, मुंगेलीनाका चौक, यातायात थाना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, कोनी थाना, सुंदरलाल शर्मा विवि, एनटीपीसी सीपत, रेलवे स्टेशन, डीआरएम कार्यालय सहित शहर के कई जगहों पर एक साथ शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### खुला आसमान, अब सर्दी की दस्तक

**बिलासपुर।** तूफान के कारण पिछले 5 दिनों से मौसम बदल हुआ था, लेकिन सोमवार को आसमान पूरी तरह से साफ रहा और तेज धूप निकली। मौसम साफ होने के बाद अब सर्द हवाओं की दस्तक होने लगी है। इस दौरान रात और सुबह के समय सर्द हवाएं लोगों को महसुस हो रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त देखी गई इस दौरान अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान गिरने लगा है। हवा में सर्द की दस्तक का प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, इस दौरान सर्दी, खांसी और जुकाम जैसी बीमारी आम हो रही है।

### फिजियोथैरेपिस्ट के 3 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर** । जिले के विकासखंडों में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित समावेशी संसाधन स्त्रोत केन्द्र के लिए फिजियोथैरेपिस्ट के 3 पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए 7 नवंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 17 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्र 68 गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पास देहान पारा छोटी कोनी में पालना सहायिका के 1 रिक्त पद पर 17 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 17 नवम्बर तक कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

# क्रिश्चियन बोर्ड ने 12 एकड़ जमीन पर ठोंका दावा, हाईकोर्ट की डीबी में फैसला सुरक्षित

**मिशन अस्पताल मामला**

## सिंगल बेंच खारिज कर चुका है सीडब्ल्यूबीएम की याचिका, सरकार ने याचिककर्ताओं की पावर आफ अटार्नी को गलत बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन अस्पताल के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट की डबल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) की ओर से दायर की गई है जिसमें कहा गया है कि प्रशासन ने 12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण गलत तरीके से किया है। तोड़फोड़ भी नियमों के खिलाफ की गई है। शासन की ओर से पूरी कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ताओं को याचिका दायर करने का ही अधिकार नहीं है। शासन की ओर से कहा गया कि प्रस्तुत की गई पॉवर ऑफ अटॉर्नी किसी अन्य संस्था से



संबंधित है।

गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। मिशन अस्पताल को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायायलय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान एडवोकेट जनरल ने दो दिनों की लगातार बहस में कोर्ट को यह साबित किया कि नितिन लॉरेंस हर याचिका में अपना पद बदल रहे थे और विभिन्न संस्थाओं की पॉवर ऑफ अटॉर्नी प्रस्तुत कर रहे थे। यह गलत और गुमराह करने वाला है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने लारेंस की याचिका को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ डीबी में अपील की गई है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सोमवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### कमिश्नर कोर्ट ने अधिग्रहण को सही ठहराया

दरअसल मिशन अस्पताल परिसर की जमीन क्रिश्चियन वुमन बोर्ड को आबंटित की गई थी। इस जमीन पर मिशन अस्पताल खोला गया। बाद में इस अस्पताल परिसर की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए उसे किराए पर दे दिया गया। जिला प्रशासन ने लीज निरस्त होने के बाद मिशन अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। कलेक्टर के इस आदेश के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन ने कमिश्नर के समक्ष अपील की, जिस पर तत्कालीन कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने स्टे दे दिया था, जिसके बाद राज्य शासन ने उन्हें हटा दिया था। कमिश्नर कोर्ट ने बाद में लीज समाप्त होने पर भूमि के अधिग्रहण को सही ठहराया था।

### सिविल कोर्ट में अब भी लंबित है एक मामला

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद जिला प्रशासन ने मिशन अस्पताल परिसर पर कब्जे की तरफ एक कदम और बढ़ाया है। अब शासन के सामने केवल बिलासपुर न्यायालय में लंबित याचिका ही बची है, जो 1891 से जुड़े दस्तावेज़ों के आधार पर डिसाईपल संस्थान द्वारा दायर की गई है। यह संस्थान क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन्स (सीडब्ल्यूबीएम) के वैध मालिकाना हक का दावा करता है। इस याचिका की सुनवाई 13 नवंबर को निर्धारित है। ध्यान रहे कि मिशन अस्पताल की 12 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक का दावा करते हुए याचिका सिविल कोर्ट में दायर की गई है।

### 1925 तक यह जमीन चर्च के नाम पर दर्ज

डिसाइपल्स चर्च के प्रतिनिधियों द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि 1891 के मिसल अधिकार के रिकार्ड बताते हैं कि 1925 तक यह जमीन चर्च के नाम पर थी। इसके बाद यह जमीन शासन के नाम पर कैसे आई, इस पर सवाल है। याचिका में कलेक्टर के आदेश और प्रशासन की अधिग्रहण की कार्रवाई को गलत बताते हुए निरस्त करने की मांग की गई है। सिविल लाइन निवासी सुबोध मार्टिन, अतुल अनुराग की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि डिसाईपल क्रिश्चियन लोगों के लाभ के लिए करीब 9 लाख वर्गफीट जमीन 19 नवंबर 1981 को अमेरिका निवासी इराबेला द्वारा वजीर खान से खरीदी गई थी। यह जमीन 1925 में नजूल मिशन में भी क्रिश्चियन मिशन ऑफ डिसाईपल ऑफ ख्राईस्ट संस्था, बिलासपुर के नाम पर स्थायी भूमि स्वामी के हैसियत से दर्ज है। इसके बाद लेकिन यह जमीन शासन के खाते में दर्ज हो गई।



## पोकलेन, जेसीबी और हाईवा से किया जा रहा उत्खनन

# गनियारी तहसील से सौ मीटर दूर डंके की चोट पर अवैध खनन, खनिज अमला लाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गनियारी के अतिरिक्त तहसीलदार कार्यालय से महज सौ मीटर दूर डंके की चोट पर दिन दहाड़े मुरूम की अवैध खुदाई हो रही है। मुरूम की खुदाई अगर गैंती और फावड़े से हो रही होती तो बात सामान्य हो सकती थी, लेकिन मौके पर तैनात पोकलेन, जेसीबी और हाईवा इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं कि अवैध खुदाई में संलिप्त लोग कौन हैं? और सरकारी तंत्र का उनके भीतर कितना डर है?

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर गनियारी ग्राम पंचायत में दिन दहाड़े मुरूम की अवैध खुदाई हो रही है। अवैध खनन कोई आज शुरू नहीं किया गया है, बल्कि पिछले कई सालों से जारी है। शर्मनाक बात यह है कि क्षेत्र में हो रहे अवैध मुरूम खनन की जानकारी किसी को भी नहीं है और पूरा मैदान गहरे तालाब का रूप ले चुका है। मुरूम की खुदाई फावड़ा या गैंती से छोटे स्तर पर ट्रेक्टर से भी की जाती तो यह ग्रामीणों की बुनियादी जरूरत कही जा सकती थी, लेकिन मौके पर पोकलेन, जेसीबी, हाईवा और ट्रेक्टर जैसी गाड़ियां खड़ी हैं, और पूरी रात खनन व परिवहन का सिलसिला जारी है तो कहानी आसानी से समझी जा सकती है। मुरूम चोरों द्वारा दिन दहाड़े ऐसा लगातार करते रहना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि खनिज विभाग का इन्हें कोई डर नहीं है।

गनिवारी के सरपंच नागेश्वर वर्मा ने कहा कि पंचायत के पुराने कार्यकाल में यहां पांच साल मुरूम का खनन हुआ है। मेरा कार्यकाल प्रारंभ होते ही मैंने खुद खनिज विभाग को लिखित में देकर लीज समाप्त करवाया है। वैसे भी यहां अब मुरूम बचा भी नहीं है।

**तालाब के बीचोंबीच बिजली के अनेक खंभे**

यह स्थान पहले समतल मैदान था। मुरूम की अवैध खुदाई प्रारंभ हुई और मैदान धीरे-धीरे तालाब का रूप लेने लगा। आज की स्थिति में चारों ओर बेहद गहरे तालाब बन चुके हैं। तालाब के बीच-बीच में बिजली के खंभे बस नजर आ रहे हैं। दरअसल ये खंभे तालाब के बीच में नहीं हैं, बल्कि किसी समय ये मैदान में गाड़े गए थे, लेकिन मुरूम चोरों की बेरहमी से खुदाई करने के कारण अब तालाब के बीच नजर आ रहे हैं। बिजली का खंभा खुदाई के कारण गिर ना जाए केवल इसीलिए खंभों वाली जगह को मजबूरी में छोड़ा गया है।

### चोरभट्ठी में वर्षों से हो रही मुरुम की चोरी

कोटा रोड स्थित चोरभट्ठी में पिछले कई सालों से मुरुम की चोरी हो रही है। यहां रात और दिन में मुरुम निकाली जाती रही है, इस घोटाले में स्थानीय लोगों का हाथ रहा है। यहां सरकारी जमीन पर भारी भरकम गड्ढा कर दिया गया है। बारिश में इन गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। गांव की सरकारी जमीन पर मुरुम खोदाई की कई बार शिकायत की गई है, परन्तु खनिज विभाग के अमले ने कोई कार्रवाई नहीं की है। चोरभट्ठी के महाल नंबर दो की सरकारी जमीन पर भी लोगों ने बेजा कब्जा कर खेत बना लिया है। पूर्व में शिकायत पर जांच का आदेश दिया गया था, परन्तु आज तक जांच भी पूरी नहीं की गई है।

चारों ओर गहरे तालाब के रूप में तब्दील हुआ मैदान



### कड़ी कार्रवाई करने कहा गया

न तो गनियारी में किसी को मुरूम खनन की स्वीकृति दी गई है, और न ही मुरूम खनन वैध है। शासकीय कार्यों के लिए गांव में नए तालाब खनन या गहरीकरण जैसी व्यवस्था को ध्यान में रखकर पंचायतों की सिफारिश के आधार पर रायल्टी के साथ खनन की सशर्त अनुमति दी जा सकती है, जो कि नियम में है। खनिज विभाग की टीम को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

**- किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक, खनिज विभाग

# सिम्स: लापरवाह छात्रों को किया हास्टल से बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल और कालेज में आए दिन अनुशासनहीनता करने वाले छात्रों को डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने सबक सिखाया है। करीब दो दर्जन से अधिक छात्रों को लापरवाही की सजा देते हुए हास्टल से 3 व 6 माह के लिए निष्कासित कर दिया है।

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के छात्रावास प्रबंधन समिति ने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष बैच 2024 के छात्रों को छात्रावास नियमों के उल्लघंन व अनुशासनहीनता के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें पहली बार के साथ ही दूसरी बार भी अनुशासनहीनता में संलिप्ता पाने पर कार्रवाई की गई है। समिति ने छात्रों के कृत्यों को गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि दीपावली त्योहर और उससे पहले छात्रों के द्वारा छात्रावास परिसर में हंगामा किया गया है, वहीं कई छात्र नियमों को अनदेखा कर प्रबंधन को कड़ी चुनौती दे रहे थे। जिस पर प्रबंधन का रवैया सामने आया है। खास बात यह है कि एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र प्रखर प्रताप सिंह राठौर का बार-बार हिदायत देने के बाद भी रवैये में बदलाव नहीं होने व रात में हास्टल में हंगामा मचाने के मामले में प्रबंधन ने कड़ा रूख लेते हुए छात्र को 1 साल के लिए हास्टल से बाहर का रास्ता दिखाया है। साथ ही हिदायत जारी करते हुए डीन से कहा कि इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति होने पर छात्रों को पूर्ण रूप से हास्टल से बेदखल किया जा सकता है।




- एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्राओं पर बरसा डीन का पॉवर

### इन छात्रों को किया गया है बाहर

छात्र लोकेश ठाकुर, वेदांत सिंह, तिलक साहू, प्रामिश लकड़ा, श्रेयांश सिंह ठाकुर, संकेत सलारिया, नील भोमिया, कमलेश पटेल, पेकितो शू, शुभम पटेल, शुभम पवार, शरद अग्रवाल, रमेश प्रजापति, जलदीप, गौरव मिश्रा, जयदेव डहरिया, प्रतीक बघेल, सतीश गुप्ता को 3 माह के लिए हास्टल से बेदखल किया गया है। इसके साथ ही आकर्ष सिन्हा, आदिम सिद्धिकी, आकाश राज सिंह, अजय यादव, संस्कार देवांगन, परमानंद कमल रवि को 6 माह के लिए निष्कासन की सजा दी है।

### सामान्य प्रक्रिया

छात्रों को पहले भी प्रबंधन समिति ने समझाइश दी थी, लेकिन इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही थी। हास्टल समिति ने सर्वसम्मति से कार्रवाई की है। यह सामान्य प्रक्रिया है।

**- रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

# तीसरे दिन चूराघाट एनीकट में बहे दूसरे व्यक्ति की मिली लाश

**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने के दौरान बिल्हा के चूराघाट एनीकट में नहाते समय बहे रेलवे अधिकारी के बाद तीसरे दिन उनके साले की लाश मिल गई है।

ज्ञात हो कि शनिवार को बिल्हा रेलवे कालोनी निवासी रेलवे एसएससी संतोष राम 40 साल अपनी पत्नी बच्चे व साला अनुज कुमार उनकी पत्नी बच्चे के साथ पिकनिक मनाने उड़नताल चूराघाट एनीकट गए थे। दोपहर 3.30 बजे जीजी साला एनीकट में उतरकर नहा रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से संतोष राम डूबने लगे। आवाज लगाने पर साला अनुज कुमार बचाने के लिए गए तो वे भी तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए थे। तीसरे दिन उड़नताल से काफी दूर ग्राम कोहरौदा में अनुज कुमार की लाश मिल गई है। पुलिस ने शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एक दिन पहले रविवार को जीजा रेलवे एसएससी संतोष राम की लाश मिली थी।

**सिरगिट्टी के बाद अब सरकंडा पुलिस ने दर्ज किया मामला**

# ट्रांसपोर्ट कारोबार में ठगी: सामने आ रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में लगातार पीड़ित सामने आ रहे हैं। सिरगिट्टी के बाद अब सरकंडा थाने में भी आरोपी सुबर्नो घोषाल के खिलाफ 1 दर्जन पीड़ितों ने शिकायत दर्ज की है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई महज शिकायत लेने तक ही सीमित है। इस मामले को पुलिस प्रशासन काफी हल्के में ले रहा है, जिसके चलते पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है।

- पुलिस और पीड़ितों से कोसों दूर बैठा है आरोपी
- पुलिस कर रही खानापूर्ति कार्रवाई

बैंक, फाइनेंस एजेंटों और परिवहन विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से शहर सहित आसपास के क्षेत्र के कई लोगों से राजकिशोर नगर निवासी सुबर्नो घोषाल ने ठगी को अंजाम दिया है। हरिभूमि ने इस संबंध में खबर भी प्रकाशित की है। इसके बाद दुबे कॉलोनी रायपुर निवासी अनिंदो मुखर्जी ने सरकंडा थाने में पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 174 के तहत गैर संज्ञेय अपराध (एनसीआर) दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि घोषाल लंबे समय से इस कारोबार के नाम पर लोगों को भरोसे में लेकर ठगी कर रहा था। उसने कई वाहनों को गिरवी रखवाकर उनसे बड़ी रकम वसूली। पीड़ितों के नाम पर वाहनों को फाइनेंस कराया गया, लेकिन लंबे समय से वाहनों की ईएमआई भुगतान नहीं होने पर बैंक ने सीजिंग कर ली है। जिससे पीड़ितों का व्यवसाय और जमापूंजी खत्म हो चुकी है। इस मामले में लगातार पीड़ित पक्ष सामने आ रहे है लेकिन पुलिस महज खानापूर्ति कार्रवाई कर रही है, शिकायत के बाद सीधे गैर संज्ञेय अपराध की श्रेणी में मामला डाला जा रहा है।


सिरगिट्टी पुलिस ने ट्रांसपोर्टरों से की शिकायत, पुलिस ने कहा ठंडे बस्ते में

बैंक और फर्जी दस्तावेज के सहारे करोड़ों की ठगी, शिकायत के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में

हरिभूमि में 2 नवंबर को प्रकाशित खबर।

### फर्जी बैंक गारंटर बनाया गया

मामले में बैंक और फाइनेंस कंपनियों की भूमिका भी संदिग्ध है। पीड़ित अनिंदो मुखर्जी ने बताया कि ऑनलाइन के साथ ही चेक के माध्यम से लेनदेन किया गया है। पीड़ित ने बताया 65 लाख रुपए आरोपी को दे चुका है। एक पीड़ित ने बताया फर्जी बैंक गारंटर बनाया गया है, जबकि उसने आजतक उसे देखा नहीं है और परचित भी नहीं है। पीड़ितों में आरोपी के पहचान के लोग शामिल है जिसमें एसईसीएल, बैंक, पावरग्रिड, वाहन चालक, ऑटो चालक हैं।

### कोर्ट जाने की तैयारी में है पीड़ित

पुलिस द्वारा पीड़ितों की शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में पीड़ित पक्ष अब सीधे सीधे कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद मामले में ओर भी पीड़ित के सामने आने की संभावना है।

### मामला नहीं बन रहा

पीड़ितों के नाम पर फाइनेंस है, ऐसे में 420 का मामला नहीं बन रहा है। हमने सभी की बात सुनी है और सभी को धारा 174 की शिकायत दर्ज की है।

**- प्रदीप आर्य,** टीआई सरकंडा थाना

# रेलवे ने 216 दिनों में किया 150 मिलियन टन माल लदान

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने माल लदान के लक्ष्य में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 150 मिलियन टन लोडिंग का रिकार्ड 216 दिनों में किया है। यह कार्य पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 226 दिनों में किया गया था।

- पिछले वित्त वर्ष में माल लदान किया गया था 226 दिन में

माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान केवल 216 दिनों में 150 मिलियन टन माल लदान कर रेलवे ने उत्कृष्ट कार्यक्षमता का परिचय दिया है। पिछले चार वर्षो के दौरान वर्ष 2022-23 में 150 मिलियन टन माल लोडिंग का आंकड़ा 265 दिन में, वर्ष 2023-24 के दौरान 244 दिन में, वर्ष 2024-25 के दौरान 226 दिनों में और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल 216 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की गई है।

## खबर संक्षेप

### तोखन ने दिव्यांगजनों को दी ट्रायसायकल व व्हीलचेयर



**बिलासपुर।** जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के हाथों ट्रायसायकल और व्हीलचेयर पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। पुलिस परेड मैदान में आयोजित राज्योत्सव के भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए जिले के दिव्यांगजन हितग्राहियों को व्हीलचेयर एवं ट्रायसायकल प्रदान किए। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन 2 से 4 नवम्बर तक पुलिस परेड मैदान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत बिल्हा के देवकिरारी निवासी रामअवतार धोबी एवं मस्तूरी भदौरा के रमेश पात्रे को मोटराइज्ड ट्रायसायकल, चांटीडीह की अनारकली ईरानी और खजुरी नवागांव की देवारी यादव को व्हीलचेयर, वहीं बिल्हा के धमनी निवासी सुखदेव लाल सूर्यवंशी एवं तिफरा के राजू साहू को ट्रायसायकल प्रदान की गई।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन ने संसदीय कार्यालय में की जनसुनवाई



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यालय बिलासपुर में जनसुनवाई की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को मंत्री श्री साहू के समक्ष प्रस्तुत किया। श्री साहू ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की प्रत्येक समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था के माध्यम से जनहित के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र के नए भवन का शुभारंभ



**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिला अस्पताल परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र अपने नए भवन में आज से शुरू हो गया है। संभागायुक्त सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने फीता काटकर नए भवन का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने दुकान का अवलोकन कर उपलब्ध दवाईयों की जानकारी ली। इन केन्द्रों का उद्देश्य लोगों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण दवाईयां उपलब्ध कराना है। इन दवाईयों पर 50 से 90 प्रतिशत तक छूट मिलती है। इससे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री जैन ने सभी चिकित्सकों को जेनेरिक फार्मुला के तहत ही दवाईयां लिखने के निर्देश दिए। यह केन्द्र पूर्व में जिला अस्पताल परिसर के पीछे संचालित हो रहा था। अब इसे सामने में शिफ्ट किया गया है। इस अवसर पर सोसायटी प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ.बीएल गोयल, सचिव एवं सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, सोसायटी के जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण प्रेमी मंच ने मुक्तिधाम सरकंडा में किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा पं देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में पौधारोपण किया गया । मंच के अध्यक्ष पं सुदेश दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष मंच द्वारा क्रांतिवीर चन्द्र शेखर आजाद की जयंती से पौधारोपण प्रारंभ किया जाता है। इस वर्ष भी नगर के सभी मुक्तिधाम में पीपल, वटवृक्ष एवं नीम के पौधे रोपित किए गए हैं। इस अवसर पर आमीन मुगल, बलविंदर छाबड़ा,संजय सोनी एवं भरत जुर्यानी शामिल रहे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा, लायंस क्लब मिडटाउन का आयोजन



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन की नंवबर माह की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें सड़क सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बताया गया कि आज सड़क सुरक्षा एक गंभीर समस्या है। जिस पर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कौन कब कहां सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाए कहा नहीं जा सकता है। क्लब के सदस्यों ने कहा कि युवा पीढ़ी को सिखाना होगा की दुर्घटना से देर भली होती है। माइक्रो चेयरपर्सन सुधा साव ने 14 नवंबर विश्व मधुमेह दिवस पर मधुमेह एक मीठा जहर जागरूकता विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष आरती साहू सहित सदस्य उपस्थित रहे।

---

**विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में पहुंच रही अर्जी** | महज एक सादे कागज में शिकायत, बिना शुल्क होगा निबटारा

# 2 माह में बढ़े मामले, हर महीने 20 प्रकरणों की सुनवाई, फोरम पर बढ़ रहा है भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के नवीन गठन के बाद उपभोक्ताओं में बिजली शिकायत को लेकर जागरूकता बढ़ी है, इसका नतीजा यह है कि सिंबतर और अक्टूबर माह में ही अबतक 45 से अधिक प्रकरण फोरम को मिल चुके है। इसके साथ ही इन प्रकरणों पर लगातार सुनवाई भी हो रही है। खास बात यह है कि जहां महीनें में 3 से 4 शिकायतें आती रही है, लेकिन अब यह आंकड़ा 20 के करीब पहुंच चुका है।

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में शिकायत करना काफी आसान है, लोगों में जागरूकता की कमी के चलते फोरम तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत नहीं पहुंच रही थी। हाल ही में फोरम के पदाधिकारियों की मेहनत रंग लाने लगी है और फोरम के पास रोजाना अर्जी आ



रही है। बताया जा रहा है कि जून में 3, जूलाई 4, अगस्त में 3 शिकायत पहुंची थी, लेकिन सितंबर माह में 17 और अक्टूबर में 21 मामले उपभोक्ताओं ने रजिस्टर्ड कराए है।वही फोरम में शिकायत के लिए किसी भी प्रकार के शुल्क की जरूरत नहीं है महज सादे कागज में आवेदन स्वीकार किए जा रहे है। इसके साथ ही ऑनलाइन शिकायत करने के लिए उपभोक्ता छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन की वेबसाइट और ecgrf bilaspur <\ @> gmail .com में मेल का उपयोग कर सकते हैं।

### इन शिकायतों की होगी सुनवाई

बिजली आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज की समस्या, लोड शेडिंग, मीटर खराब, बिजली बिल से संबधित शिकायत, कनेक्शन काटने, नए कनेक्शन में देरी, मुआवजा भुगतान, सुरक्षा जमाराशि, धारा 135 व 139 में की गई कार्रवाई के विरोध, विद्युत दुर्घटना से संबंधित मुआवजा, बकाया राशि वसूली आदि मामलों फोरम के समक्ष पहुंच रही है।

---

चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू, धान खरीदी के बहिष्कार की चेतावनी

# सहकारी समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने शुरू की अनिशिचतकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



सहकारी समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। स्थानीय कोन्हेर गार्डन में संभाग स्तरीय प्रदर्शन के दौरान आठ जिले के सैकड़ों आपरेटर उपस्थित रहे। आपरेटरों का कहना है कि शासन द्वारा चार सूत्रीय मांगों पर सहमति नहीं देने तक यह प्रदर्शन न केवल जारी रहेगा, बल्कि धान खरीदी का बहिष्कार भी किया जाएगा।

सरकार द्वारा सहकारी समितियों में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ की जानी है। इसके लिए वैसे तो 11 दिन शेष हैं, लेकिन तैयारियों जोरों पर हैं। इसके विपरीत समितियों में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इससे पहले संघ ने सांकेतिक प्रदर्शनों के माध्यम से सरकार को इशारा किया था, लेकिन मांगों के संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं होने के कारण अब मांगें पूरी होने तक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में ऑपरेटर संघ के पदाधिकारी जयकुमार शुक्ला ने बताया कि सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से ही धान की खरीदी करती है, लेकिन समिति को सूखत नहीं दी जाती। आपरेटरों द्वारा विगत दो वर्षों से सूखत देने की मांग की जा रही है। बीते वर्षों में सचिव स्तर पर सूखत देने पर सहमति बनी थी, लेकिन शासन द्वारा इस पर अमल नहीं किया गया। इसी तरह ऑपरेटरों को पूर्व में खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के माध्यम से बारह महीने का वेतन भुगतान किया जाता था, जिसे अब छह महीने का कर दिया गया है, जिसे पुनः बारह महीने करने की मांग है। श्री शुक्ला ने बताया कि ऑपरेटरों की तीसरी मांग मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को तीन लाख रूपए का प्रबंधकीय बजट जारी किया जाए, ताकि वेतन का भुगतान समय पर हो सके। इसी तरह सरकार ऑपरेटरों का विभाग तय करते हुए नियमितीकरण की दिशा में भी सार्थक कदम उठाए। कोन्हेर गार्डन में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनरत ऑपरेटरों ने एक स्वर में कहा है कि सरकार द्वारा मांगे नहीं माने जाने की दशा में 15 नवंबर से होने वाली धान की खरीदी का पूरी तरह बहिष्कार भी किया जाएगा, जिसके लिए सरकार तैयार रहे।




# एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन

**बिलासपुर।** एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन 3 नवम्बर को एसईसीएल मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन रहे। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के भूतपूर्व सदस्य रविन्द्र गोयल मुख्य वक्ता थे।

मंच पर निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार,मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक (तकनीकी-योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र तथा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री दुहन ने कहा कि सतर्कता के क्षेत्र में किए जा रहे हमारे नवाचारपूर्ण प्रयासों को केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सराहा है। उन्होंने कहा सफलता तभी संभव है जब हम टीम भावना से कार्य करें और हर स्तर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को आत्मसात करें। मुख्य वक्ता श्री गोयल ने कहा कि सतर्कता की जिम्मेदारी केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है, यह व्यक्ति के पूरे जीवन और परिवार तक विस्तारित होती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आवश्यक है कि हम सही और नैतिक मार्ग का चयन करें। मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने कहा कि इस वर्ष की थीम "सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी" केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनदृष्टि है। अतिथियों ने परिसर में पौधारोपण किया। सतर्कता प्रतिज्ञा का सामूहिक पाठ कराया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सतर्कता अभियान की गतिविधियों पर केनद्रित स्मारिका 'स्पंदन' एवं सिस्टेमिक इमप्रोवमेंट्स पर एक हैंडबुक' का विमोचन किया गया। इस अवसर सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों पर आधारित सतर्कता गैलरी का भी किया प्रदर्शन किया गया। डीएवी स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। समापन सत्र में निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

---

# राष्ट्रीय फींस तैराकी स्पर्धा में डीपीएस के 8 तैराक शामिल

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय फींस तैराकी प्रतियोगिता रविवार को आयोजित हुई,जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला के फींस तैराको ने भाग लिया था। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के 8 फींस तैराको ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रतियोगिता में भाग लिया और 5 पदक प्राप्त किए। जिसमें दो स्वर्ण पदक एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त हुई, एवं 8 तैराकों का चयन राष्ट्रीय फींस तैराकी प्रतियोगिता के लिए किया गया।




खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि रायपुर के अक्षांश अंतर्राष्ट्रीय तरण ताल में तैराको ने परचम लहराया है, जिसमें प्रिशा शुक्ला -1 स्वर्ण पदक एवं 1 कांस्य पदक,शानवी शिवन्या बेहरा -1 स्वर्ण पदक एवं 1 कांस्य पदक,अक्षत कश्यप 1 कांस्य पदक,विवान मिश्रा चौथा स्थान,अभिनव शाह पांचवा स्थान,अहाना श्री विश्वास चौथा स्थान,अकिरा विश्वास पांचवा स्थान

सारा मंगवानी ने छठवां स्थान प्राप्त किया है। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एस एन पाठक, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राजनारायण श्रीमोर, निरूपा विश्वास, अनुपम वर्मा पवन दुबे अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

# वॉलीबॉल महिला परिक्षेत्र स्तरीय स्पर्धा में सीएमडी कॉलेज विजेता

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम विजेता रही।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ देवर्षि चौबे के नेतृत्व में अपना पहला मैच सी एस आर महाविद्यालय कोटा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय लोरमी को 15.6 व 15.8 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल सी एम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर व शहीद भगत सिंह महाविद्यालय बेलगहना के बीच खेला गया जिसमें सी एम दुबे महाविद्यालय के टीम टॉस जीत ग्राउंड लेकर 25.9 व 25.12 के भारी अंतर से शहीद भगत सिंह महाविद्यालय बेलगहना को हराकर महिला वॉलीबॉल विजेता का खिताब 15 साल बाद अपने नाम किया। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि महाविद्यालय के महिला खिलाड़ियों के द्वारा वॉलीबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है, मैं उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। टीम में मोनिका भगत,कुसुम भगत, वंदना कौशिक, पूजा सिंह, श्रेया शुक्ला,एकता सिंह,गरिमा साहू, दीपिका साहू, अंजली गुप्ता, अलका ध्रुव का प्रदर्शनी सराहनीय रहा।



---

### रामा लाइफ में बास्केटबॉल लीग का समापन



**बिलासपुर।** रामा लाइफ सिटी में आयोजित बास्केटबॉल लीग का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लेकर अपने दमखम और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 2 नवंबर को आयोजित फाइनल मुकाबला पिंक पैंथर और अग्नि हूपर टीम के बीच खेला गया, जिसमें पिंक पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से एरिक और प्रज्ज्वल ने बेहतरीन खेल दिखाया, जबकि टीम की कप्तान जिजीविषा का नेतृत्व और प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। उप-विजेता टीम अग्नि हूपर की तरफ से कप्तान ईशान गुप्ता और दिव्यांशु ने शानदार प्रदर्शन करके दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इसके अलावा खिलाड़ियों आरव, अक्षत, आयुष्मान, शौर्य , कान्हा, ईशान, ओजस ने भी अपनी-अपनी टीमों की ओर से उम्दा खेल दिखाकर टूर्नामेंट को यादगार बनाया। समापन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में विजय जायसवाल, अमित पाण्डेय, संजय गुप्ता, केएस द्विवेदी, प्रवीण तुलस्यान, मनीष अग्रवाल, समीर गुरुदीवान, विनय सिंह और विकास सिंह, मनमोहन पाण्डेय, नितिन अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा सभी खिलाड़ियों के खेल कौशल और खेल भावना की सराहना की। कोच के रूप में गोलू सिंह ठाकुर और अभिषेक उपस्थित रहे।

### कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र ने जीता साल का 25वां कबड्डी का खिताब

**बिलासपुर।** कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में मुंगेली को 25 अंको से हराकर कबड्डी का साल का 25वा ख़िताब अपने नाम किया। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम खजुरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 38 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया इसमें कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में मेजबानी खजुरी मुंगेली को 37-12 के मुकाबले 25 अंको से हराकर कबड्डी मे अपनी दबदबा बनाये रखा है। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सिलतरा पथरिया को 45-30 के मुकाबले 15 अंको से हराकर फाइनल में पंहुचा। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 11 हजार रूपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम खजुरी मुंगेली को 7 हजार रु व ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अजय मरावी को चुना गया उसे 1100 रु व कप दिया गया। बेस्ट डिफेंडर नितेश साहू को चुना गया उसे 1100 रु व ट्रॉफी दिया गया। जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला कबड्डी संघ उपाध्यक्ष सौरभ राय,कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव, पुन्नी राम साहू, कबड्डी संघ अध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, सचिव जितेंद्र सराफ, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष राय सिंह यादव, मस्तूरी ब्लाक कबड्डी संघ सचिव मनोज सिदार, तखतपुर ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष ने शुभकामनायें दी।



### टीम इंडिया के महिला विश्व कप जीतने से प्रदेश की खिलाड़ियों में उत्साह

**बिलासपुर।** क्रिकेट की महिला इंडियन टीम ने वर्ष 2025 के विश्व कप के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त देकर पूरे देश को गौरान्वित कर दिया है। महिला टीम के विश्व कप में कब्जा जमाने के साथ प्रदेश और जिले की खिलाड़ियों में उत्साह जगा दिया है, जो अब केवल आगे बढ़ने के लिए मेहनत करने की बात कहती हैं।

#### खुद पर रखें भरोसा : एश्वर्या



महिला क्रिकेट खिलाड़ी एश्वर्या सिंह का कहना है कि टीम इंडिया की महिला खिलाड़ियों ने काफी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया है। विश्व कप हमारे देश में आने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम में आगे बहुत कुछ नया होने वाला है। इस जीत से सीख मिलती है कि उतार चढ़ाव जो भी है, उसे दरकिनार करते हुए स्वयं पर भरोसा रखें तो कभी न कभी सक्सेस जरूर मिलेगी। यह जीत हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा बन गई है।

#### बधाई की पात्र हैं इंडियन टीम : तान्या



क्रिकेट खिलाड़ी तान्या बेरिया ने कहा कि इंडिया की महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले आस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराया और फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त देकर वर्ष 2025 का विश्वकप अपने नाम किया। महिला खिलाड़ियों को प्रदेश क्रिकेट संघ के साथ बिलासपुर जिला क्रिकेट संघ भी काफी सपोर्ट कर रहा है, जिसका परिणाम है कि सीएससीएस की टीम में ज्यादातर खिलाड़ी जिले की शामिल हो रही हैं।

#### मेहनत से सफलता : शिल्पा



महिला क्रिकेट खिलाड़ी शिल्पा साहू ने कहा है कि इससे सभी महिला खिलाड़ियों में जोश भर गया है। हर एसोसिएशन अपना लेवल हाई करते हुए महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देंगे। पहले घर वालों का भी सपोर्ट नहीं मिलता था, इससे अब फैमिली सपोर्ट भी मिलने लगेगा।

#### महिला किसी से पीछे नहीं : सृष्टि



सृष्टि शर्मा ने कहा कि आज वक्त है कि महिलाएं किसी भी फील्ड में पीछे नहीं हैं। हॉकी के साथ क्रिकेट में भी महिलाओं की टीम शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। वर्तमान में जो टीम इंडिया की सारी खिलाड़ियां नई थी, जिन्हें ज्यादा अनुभव नहीं था। इसके बाद भी विश्व कप जीतने के लिए खिलाड़ियों ने पूरी मेहनत की।

### क्रिकेट टीम एवं जर्सी लांचिंग आज

**बिलासपुर।** समग्र ब्राम्हण समाज संग परशु सेना द्वारा आयोजित ब्राम्हण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की टीम एवं जर्सी लांचिंग 4 नवंबर मंगलवार को शाम 6 बजे खेल परिसर मैदान सरकंडा थाना के सामने किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि पंडित पंकज भूषण मिश्रा, दुर्गेश महाराज, विधायक धरसींवा पंडित अनुज शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा होंगे। कार्यक्रम पश्चात सामाजिक मिलन कार्यक्रम होगा।

### विश्वकप जीतने पर बांटी मिठाई

**बिलासपुर।** महिला क्रिकेट विश्वकप जीतने की खुशी में हसदेव नदी- जंगल बचाओ के साथियों ने स्थानीय देवकीनंदन चौक पर नगरवासियों के मध्य मिठार्ठ वितरित कर खुशियां बांटी। इस उपलक्ष में डाक्टर रश्मि बुधिया, प्रियंका शुक्ला, राजेश खरे, निलोत्पल शुक्ला, चंद्रप्रदीप बाजपेयी, अनिल, प्रथमेशसविता ने कहा कि महिला क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में सेमीफाइनल और उसके पश्चात फायनल में शानदार जीत दर्ज कराई।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आज कन्या पूजन व भंडारा



**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर के पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी के पावन पर्व पर चन्द्रमौलेश्वर, आशुतोष, विश्वेश्वर की अनुकम्पा से ब्रह्मलीन स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर कन्याओं का पूजन, भोजन,एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव की एक साथ पूजा का विधान है, जिसे हरिहर मिलन कहा जाता है। इस अवसर पर प्रातः कालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन,श्रृंगार, शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक पूजन,मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र का पूजन श्रृंगार, सिद्धिविनायक गणेश का पूजन श्रृंगार,हनुमान, भैरवजी का पूजन श्रृंगार,महाकाली,महालक्ष्मी महासरस्वती, राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी पूजन सुक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक किया।

शिविर

## फ्री डेंटल,ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर कैम्प का शुभारंभ



**बिलासपुर।** लायंस क्लब रॉयल द्वारा स्थायी गतिविधि के फ्री डेंटल चेकअप,ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर कैम्प का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण गतिविधियों का शुभारंभ लायंस क्लब 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल ने सिंह मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल राधिका विहार फेज में किया। रॉयल क्लब की अध्यक्षा लायन बरखा सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन केबिनेट सचिव लायन डॉ. कमल छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन लायन दिनेश अग्रवाल,जोन चेयरपर्सन लायन एकता मलिक, कोषाध्यक्ष लायन शंकर आहूजा, परमजीत उबेजा, संतोष पांडेय, अरबिंद वर्मा सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## सक्षम का दिव्यांगों साथ दीपावली मिलन, गीत व भजन



**बिलासपुर।** दिव्यांगों के संपूर्ण विकास के लिए समर्पित राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम का दीपावली मिलन कार्यक्रम जिला मीडिया प्रभारी चुन्नी मौर्य के निवास स्थान पर संपन्न हुआ। दिव्यांगों के साथ आयोजित इस दीपावली मिलन कार्यक्रम में गीत भजन एवं खेल के विभिन्न कार्यक्रम किए गए सभी कार्यक्रमों में भाग लेने वालों को सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक ओम प्रकाश मौर्य थे,सक्षम संस्था से अनूप पांडेय, कल्याणी पांडेय ,अंजलि चावड़ा ,डॉक्टर भूमिका साहू डॉक्टर गौरी शंकर साहू ,आरती अनंत ,डॉक्टर उषा,डॉक्टर श्रुति, मंजू यादव, कांति रजक, जगबाई, कीर्तन पटेल, प्रेमलता, जुम्मन मोहम्मद,एस रविशंकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन

## स्थापना दिवस पर दीपों की रौशनी राज्य मानचित्र बनाकर किया नमन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में भव्य दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की भूमि का राज्य मानचित्र बनाकर मातृभूमि को नमन किया गया। संध्या समय पूरे परिसर को दीपों की रोशनी एवं आतिशबाजी से आलोकित कर उल्लासपूर्ण वातावरण में स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति, परंपरा एवं विकास यात्रा पर चर्चा की और प्रदेश की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# घोंघाबाबा मंदिर में चल रही महोदव व नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा

### पूजन, हवन कर मूर्तियों का किया गया धृताधिवास

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में गुरुवार से चल रहे देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को दैनिक पूजन, हवन कर मूर्तियों का धृताधिवास किया गया। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि राम मंदिर न्यास के अंतर्गत डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर का जिर्णोद्धार करा शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कराई जा रही है। देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन मंडप प्रवेश, चारों वेदों की स्थापना व पूजन किया गया। अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य हुआ। यह आयोजन भगवान आशुतोष की कृपा एवं न्यास के संरक्षक गुरुदेव ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से हो रहा है। इसमें पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार का सानिध्य भी प्राप्त है।

### आज निकाली जाएगी मूर्तियों की शोभायात्रा

मंगलवार 4 नवंबर को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके का मूर्तियों का शिखर अभिषेक कर शैय्याधिवास, बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। सुबह साढ़े 11 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण होगा।

### इनका मिल रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यासीबण मंगतराय अग्रवाल, राजेंद्र खेड़िया, दीपक मोदी, अशोक, नंदकिशोर अग्रवाल, ठाकुर धर्मजीत सिंह, मनोज भण्डारी, गोपाल प्रहलादराय शर्मा, आनंद सोनी, शेखर मुदलियार, अनिल, विकास अग्रवाल, कमल सोनी, राजेश गोयल, सुभाष अग्रवाल सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

# पंज प्यारों की अगुवाई में प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा





गोड़पारा गुरुद्वारे से नगर कीर्तन निकला,नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों ने की। बच्चों ने शौर्य प्रदर्शन किया, महिलाओं ने नगर कीर्तन के आगे-आगे झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। रथ पर जीवंत झांकी सजी रही, महिलाएं शब्द-कीर्तन करती रहीं। सिखों के पहले गुरु नानकदेव की 556वीं जयंती 5 नवंबर को मनाई जाएगी।

### सिरोपा भेंट कर दिया आशीर्वाद

सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। समाजसेवी चंचल सलूजा एवं परमजीत सिंह उपवेजा ने संगतों के साथ फल वितरण कर सेवा किया। पंज प्यारो ने सिरोपा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इससे पहले सोमवार को गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती और पंज प्यारों की अगुवाई में गोड़पारा सेंट्रल गुरुद्वारे से नगर कीर्तन निकाला गया, शोभायात्रा दयालबंद स्थित सेंट्रल गुरुद्वारे में समाप्त हुई। शोभायात्रा जहां से गुजरी, वह इलाके 'गुरुनानक देव के जयकारे' से गूंज उठे। इस दौरान 200 से अधिक जत्थेदारों ने म साफ-सफाई, ट्रैफिक व दूसरी व्यवस्था संभाली। वहीं समाज की महिलाओं ने शब्द-कीर्तन किया। बच्चों ने गतका पर एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। नगर कीर्तन का स्वागत चौक-चौराहों पर हुआ। फूलों की वर्षा की गई। शहर विधायक अमर अग्रवाल सहित सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और वाहे गुरुजी दी खालसा, वाहे गुरुजी दी फतह जैसे जयघोष के साथ कीर्तन का स्वागत किया।







## माता–पिता व गुरू का आदर कर लिया, संपूर्ण लोकों का आदर हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व शांति और सर्वकल्याण की मंगल भावना से श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, क्रांतिनगर में आयोजित हो रहे, सिद्धचक्र महामंडल विधान के पांचवें दिन धर्मानुरागियों ने आर्यिका 105 अनर्घमति माता के पावन सानिध्य और विधानाचार्य मनोज भैया के मार्गदर्शन में श्रीजी के समक्ष मण्डल पर 128 अर्घ्य चढ़ाएं, साथ ही उन्होंने भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की। प्रतिदिन की भांति आज के दिन की भी शुरुआत भगवान के अभिषेक और शांतिधारा से हुई। आज भगवन जी का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमंत सेठ प्रशांत जैन, मिट्ठन लाल जैन चंद्रपुर, शैलेन्द्र जैन पूना और उत्तम चंद जैन कटनी परिवार को प्राप्त हुआ। शांतिधारा के पश्चात पूजन और विधान प्रारंभ हुआ।

इस धार्मिक अनुष्ठान में पहले दिन आठ अर्घ एवं उसके बाद प्रतिदिन द्विगुणित क्रम में मंत्रोच्चार के साथ अर्घ चढ़ाए जाते हैं, इस तरह आज विधान के पांचवें दिन मंत्रोच्चार के साथ 128 अर्घ विधान मण्डल पर चढ़ाए गए।

कार्नर न्यूज

### कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से भावविभोर हुए दर्शक

# लोक रंग और संस्कृति से सजी अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला स्तरीय राज्योत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दूसरे दिन की रंगारंग शाम ने झूमने पर मजबूर कर दिया। परंपरा और आधुनिकता के संगम से सजी इस संध्या में जहां छत्तीसगढ़ी लोक कला की सुगंध बिखरी, वहीं नयी पीढ़ी के हुनर और बॉलीवुड संगीत ने कार्यक्रम को ऊर्जा से भर दिया। शाम 5 बजे शुरू हुए इस समारोह ने रात होते-होते उत्साह और उमंग की नई ऊंचाइयों को छू लिया, दर्शकों ने कार्यक्रमों को खूब सराहा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की मनोहारी प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने देशभक्ति, लोकगीतों और सांस्कृतिक थीम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। सेजस मंगला, तारबहार, लिंगियाडीह , केपीएस,डीपीएस स्कूल, लोयला स्कूल, पंधी शासकीय स्कूल, बकरकुदा स्कूल, संदीपनी स्कूल, बालक स्कूल सरकंडा, सहित अन्य स्कूलों के बच्चों की नृत्य-गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### पंडवानी की गूंज, लोककथाओं की आत्मा को किया जीवंत



लोक कला के मुख्य आकर्षण के रूप में सुप्रसिद्ध कलाकार दिनेश गुप्ता ने पंडवानी गायन प्रस्तुत किया। महाभारत कथा के प्रसंगों और छत्तीसगढ़ी बोली की मिठास के साथ उनका गायन दर्शकों के मन में उतर गया। पारंपरिक वाद्यों की संगत और भावपूर्ण अभिनय ने पंडवानी की ऐतिहासिक विरासत को मंच पर पुनर्जीवित किया। लोकसंस्कृति के एक और शानदार स्वरूप में अनिल गढेवाल ने गेंड़ी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। संतुलन, ताल और पारंपरिक संगीत के संगम से सजे इस प्रदर्शन ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल की झलक दिखा दी। युवा दर्शक कलाकारों के कौशल की तारीफ करते नहीं थके। वासंती वैष्णव की कत्थक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### शिव स्तुति, शुद्ध कथक देख कर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



नृत्यधारा डांस अकादमी के बच्चों ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसमें शिव स्तुति एवं शुद्ध कथक नृत्य देख कर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। प्रस्तुति देने वालों में आंचल पाण्डेय एवं उनके सहयोगी साथी श्रुति देवांगन, रूचि देवांगन, उदिति कौशिक, अनन्या साओ, एंजेल साओ, पूर्वी चंद्रा शामिल रही। अकादमी की निर्देशिका आंचल पाण्डेय अंतरराष्ट्रीय कथक एवं ओडिसी नृत्यांगना है। वह देश-विदेश में कथक की प्रस्तुति दे चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सेमरसल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कल से

तखतपुर। संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 से 13 नवम्बर तक सेमरसल में किया जा रहा है। कथा वाचक पं पुरूषोत्तम प्रसाद तिवारी, परायणकर्ता पं विवेक दुबे, आचार्य पं राजेश दुबे एवं मुख्य यजमान ममता नरेंद्र पांडेय रहेंगे। कार्यक्रम में तैयारी में रामकली, गंगा प्रसाद, सुलोचना, गया प्रसाद, सीता देवी, व्यास नारायण पांडेय, आशा देवी पांडेय, राम निहारा पांडेय, मनीष पांडेय, तुषार पांडेय सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### मतदाताओं की सहायता हेतु हेल्पडेस्क स्थापित

मुंगेली। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कलेक्टोरेट परिसर में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। हेल्पडेस्क का संपर्क नम्बर 9406275535 है। हेल्प डेस्क के संचालन हेतु 2 व्याख्याओं एवं 2 आपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### तोखन ने दी जानकी साहू को श्रद्धांजलि



बिलासपुर। जानकी साहू का निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय एसआर साहू की धर्मपत्नी, शिव साहू एवं विजय भारत साहू, सुशीला साहू, कौशिल्या साहू, भुवनेश्वर साहू एवं रामेश्वरी साहू की माता थीं। उनके निधन पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने श्रद्धांजलि दी है।

## निधन

### शैलकुमारी दुबे



बिलासपुर। ग्राम सैदा निवासी शैलकुमारी दुबे का 3 नवंबर को निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे रजनीश एवं राकेश दुबे, प्रियंवदा पाण्डेय एवं रीता तिवारी की माता थीं

### ओम प्रकाश जुनेजा



बिलासपुर। दयालबंद पंजाबी कॉलोनी के निवासी ओम प्रकाश जुनेजा पिता स्व. देशराज जुनेजा का निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मधुबन मुक्तिधाम नारियल कोठी में किया गया। वे प्रणय जुनेजा और पंकज जुनेजा के पिता थे।

### दुर्गा सक्सेना



बिलासपुर। बृज विहार मंगला निवासी दुर्गा सक्सेना का 3 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को सुबह 10 बजे छपराभांटा मंगला मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. माधव प्रसाद सक्सेना की पत्नी एवं छवि सक्सेना की माता थीं।

### आकाश करियारे



बिलासपुर। मोपका निवासी आकाश कुमार उर्फ बंटी करियारे का निधन हो गया। वे 27 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मोपका के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश कुमार करियार के पुत्र थे।

## पेंड्रा में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ

**छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार मना रही रजत जयंती वर्ष**

# चहुंमुखी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा छग: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर गुरुकुल खेल मैदान पेंड्रारोड में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ चहुंमुखी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बीते 25 वर्षों में आम लोगों के जीवन में बदलाव आया है, लोगों का जीवन खुशहाल हुआ है। अब छत्तीसगढ़ की तुलना भारत के विकसित राज्यों में की जाती है। उन्होंने कहा कि, आज हम रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर अपना संकल्प पूरा किया। राज्य सरकार इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में भी मना रही है। श्री कौशिक ने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ बढ़ते हुए हमें भी विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। हम सब के लिए यह गर्व की बात है कि, मुख्यमंत्री




मंच पर बैठे बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक।

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने इस यात्रा के लिए अंजोर विजन डाक्यूमेंट 2047 बनाया है। श्री कौशिक ने छत्तीसगढ़ में बीते 25 वर्षों में हुए महत्वपूर्ण बदलाव और विकास की जानकारी के साथ ही प्रधानमंत्री आवास की उपलब्धि, धान खरीदी, दो साल के धान खरीदी की बकाया राशि का भुगतान, महतारी वंदन, निर्वाध बिजली आपूर्ति, पलायन पर रोक, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क के क्षेत्र में हुए विकास सहित अनेक विकास कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार द्वारा रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। जीपीएम नया जिला बनने के बाद से यहां विकास कार्यों, संस्कृति और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हई है। उन्होंने जिला स्तरीय राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाने, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, फूड स्टॉल आदि लगाए जाने की जानकारी दी। राज्योत्सव के पहले दिन स्कूली छात्र-छात्राओं और लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों के साथ गेंड़ी, सुआ, मोर छत्तीसगढ़ महतारी आदि लोक नृत्य एवं लोक गीत की शानदार प्रस्तुति दी। समारोह में प्रसिद्ध लोक गायन संजय सुरीला लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद गौरेला मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद गौरेला रोशनी शर्मा, जिला पंचायत सदस्य बृंदकुंवर मार्स्को, पूर्णिमा पैंकरा, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, लालजी यादव, राकेश चतुर्वेदी, तापस शर्मा, नीरज जैन, कन्हैया राठौर, बृजलाल सिंह राठौर, शरद गुप्ता, दिलीप यादव, सचिन जैन सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## वाणी वही सार्थक, जो हरि का भजन करती है: साध्वी हरिप्रिया



गौरेला। परम शांति धाम गौरेला गोरखपुर में परमानंद संस्कृत उमा विद्यालय गौरेला के तत्वाधान में स्कूली बच्चों की देशभक्ति गीत प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी परमानंद संस्कृत विद्यालय स्कूल गौरेला, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरा, शासकीय उमा विद्यालय टीकरकला, अमिता शिक्षा निकेतन गौरेला, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गौरेला, मां कल्याणीका पब्लिक स्कूल गौरेला के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक तीन वर्गों में संपन्न हुई। उच्चतर माध्यमिक वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमानंद संस्कृत उमा विद्यालय गौरेला की कुमारी रीना ने प्राप्त किया, वहीं दूसरा स्थान शासकीय उमा विद्यालय टीकरकला की शांभवी राठौर एवं तीसरा स्थान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गौरेला की नेहा बुंदेल ने प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग में प्रथम स्थान मां कल्याणीका पब्लिक स्कूल गौरेला के अथर्व तिवारी, द्वितीय स्थान अमिता शिक्षा निकेतन गौरेला के सूरज कुमार एवं तृतीय स्थान परमानंद संस्कृत उमा विद्यालय गोरखपुर की रागिनी सलाम ने प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान प्रवल्लिका चट्टोपाध्याय अमिता शिक्षा निकेतन गौरेला, द्वितीय स्थान अथर्व सोनी मां कल्याणीका पब्लिक स्कूल गौरेला एवं तृतीय स्थान कुमारी नंदिता राय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गौरेला ने प्राप्त किया। परम शांति धाम गौरेला के प्रमुख संत स्वामी परमात्मानंद ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में संजय राजपूत गौरेला, कमाता प्रसाद कौशिक दुर्ग, गोविंद साहू दुर्ग एवं विजयपुरी पेंड्रा रहे।

**परम शांति धाम में बच्चों की देशभक्ति गीत प्रतियोगिता**

प्रसिद्ध साध्वी हरिप्रिया आराधना उदासीन एवं भागवत कथा विदुषी विजया उर्मिलिया ने सुमधुर भजनों के साथ भक्तिमय प्रवचन प्रस्तुत किए और विद्यार्थियों एवं श्रोता वर्ग को सही जीवन जीने की राह दिखाई। साध्वी हरी प्रिया ने बताया की वाणी वही सार्थक है, जो हरि का भजन करती है। संस्था के सचिव पुरुषोत्तम नाथ पिपरहा एवं सहसचिव आचार्य मुकेश, कार्यक्रम संयोजक संदीप सिंघई एवम संदीप जायसवाल ने सभी उपस्थितजनों को शुभकामनाएं दी। आश्रम में आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर कलेक्टर की वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 4 दिसम्बर तक सत्यापन एवं घर-घर गणना कार्य किया जा रहा है। इस पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है, इसके अंतर्गत योग्य मतदाताओं का नाम न छूटे तथा अयोग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में न जुड़े।

इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में वर्चुअल बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि, इस प्रक्रिया से मतदाताओं को घबराने की आवश्यता नहीं है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि, बीएलओ जब घर आएं, तो मतदाता गणना प्रपत्र को भरकर दें। उन्होंने बीएलओ, पर्यवेक्षकों व ईआरओ को एसआईआर की प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझने और आपसी समन्वय के साथ शुद्धता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और गणना प्रपत्र बाटेंगे। मतदाता इस प्रपत्र को बीएलओ की सहायता से भरेंगे और उसकी 1 कापी व सहित आवश्यक दस्तावेज बीएलओ देंगे। गणना प्रपत्र के माध्यम से बैध मतदाताओं की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ एप के माध्यम से गणना प्रपत्र को अपलोड करेंगे। इस प्रक्रिया से किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से नहीं हटेगा। साथ ही नए मतदाता या अन्यत्र विस्थापित मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की सूची में जोड़ा जा सकेगा। ऐसे मतदाता जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, उनका भी नाम जोड़ने के लिए अग्रिम आवेदन प्राप्त किया जा सकेगा।

## शिक्षक खेल के माध्यम से कर रहे शिक्षा का प्रचार-प्रसार

तखतपुर। संकुल लाखासार और काठाकोनी के संयुक्त मेजबानी में विकासखंड तखतपुर के शिक्षकों ने क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों को प्रचार-प्रसार का माध्यम बनाया है। विकासखंड अंतर्गत शिक्षकों की 16 संकुल टीमें बनाई गई हैं। इस वर्ष की थीम है 'शांति सद्भावना और हरियाली के लिए, शिक्षक' सभी टीमें अपने अपने संकुलों में दिए गए सब थीम के अनुरूप शैक्षिक गतिविधियों पर विशेष जोर दे रही हैं।

**क्रिकेट प्रतियोगिता को मिल रहा भरपूर समर्थन**

1 से 5 नवम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित रहते हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन तखतपुर जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं संतोष कौशिक गुरुजी एवं मनीष तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। राकेश तिवारी ने कहा कि, शिक्षक के बहुत रचनात्मकता होती है, वे विद्यालय के बाहर और भीतर सतत रूप से सामाजिक समरसता के लिए प्रयास रहते हैं। संतोष कौशिक ने शिक्षकों के इस प्रयास को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि, खेल खेल में



### टीमों के नाम और सब थीम

लाखासर लर्निंग आउटकम्स, काठाकोनी क्लब संकुल, जरौंधा जादुई पिटारा, मोछ मिशन 90 प्लस, सकरी समावेशी शिक्षा, सकर्रा समग्र शिक्षा ,राजपुर राष्ट्रीय शिक्षा नीति, घुटकू सुग्घर पढ़वैया योजना, जुनापारा उल्लास भारत ,भरारी मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता, बेलपान बैगलेस डे, बांधा व्यवसायिक शिक्षा, तखतपुर मुस्कान पुस्तकालय, गनियारी पीएम पोषण आहार, छतौना छात्र सुरक्षा बीमा योजना।

शिक्षा और शिक्षा में खेल कौशलों के समावेशन से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है। इस मौके पर अतिथियों ने विजयी टीम को पुरस्कृत किया। प्रथम सत्र में दिनेश राजपूत प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा, मनहरण कौशिक जनपद सदस्य, रामकुमार कौशिक देवरी सरपंच, प्रवीण कौशिक काठाकोनी सरपंच, भूपेन्द्र कौशिक पूर्व एसएमसी अध्यक्ष कुरेली की उपस्थिति रही। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वल्लभ रजक, उपाध्यक्ष गौरीशंकर कौशिक, संयोजक जीपी उपाध्याय, सचिव एपीएस पवार, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र कश्यप, सह संयोजक नीतेश पाण्डेय, चित्रराज मेश्राम, अनिल शर्मा, मनोरमा बर्मन, रतनदीप लाल, दिनेश खरे, होनहार वैष्णव, शैलेन्द्र उपाध्याय, संतोष कुर्रे, सुनील कुर्रे, दिलीप यादव, संजीव सोनी, भागीरथी बघेल, जेपी मानिकपुरी, गोवर्धन टंडन, अमलेश पाली, अमित डाहिरे, अवनीश तिवारी, संकुल समन्वयक सोना राजा, कृष्णा वर्मा, वीरेंद्र ध्रुव, प्रदीप माथुर, प्रधान पाठक कुजूर, संजय राजपूत, रविकांत दिवाकर, मिलऊ राम यादव, भुजबल यादव, दिलीप यादव, संतोष कुर्रे, संतोष छेदाम, थानेश्वर खांडे, विजेंद्र साहू, महेंद्र सिंगरौल बड़ी संख्या में शिक्षक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश बनी आफत, 25 से अधिक गांव की फसल बर्बाद

लोरमी। क्षेत्र में बेमौसम बारिश ने धान की लहलहाती फसलों को भारी क्षति पहुंचाई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। किसानों ने बारिश से हुए नुकसान का सर्वे कराने मांग की है। यह लगभग 500 एकड़ के आसपास हो सकता है।

ग्रामीण अंचल में बेमौसम बारिश ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। आसपास के गांवों में खड़ी और कटी हुई धान की फसलें बारिश से पूरी तरह भीग गई हैं। किसानों को खेतों में कटे पड़े धान के अंकुरित होने की चिंता सता रही है एवं पूरी तरह फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। खेतों में अभी पानी भरे होने से किसान कटाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने



**सर्वे कराया जाएगा**

बिना मौसम हुई बरसात से धान की फसलों की नुकसानी का सर्वे कराया जाएगा।

- अजीत पुजारी, एसडीएम

बताया कि, विगत दो दिनों से आंधी के साथ बारिश से खेतों लगे धान की फसलों को क्षति पहुंची है। किसानों ने शासन जल्द ही सर्वे कराकर आर्थिक लाभ देने गुहार लगाई है।

## नगर आगमन पर साय व पुरंदर का भव्य स्वागत

पथरिया। भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय और उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा का रविवार को नगर आगमन हुआ। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरगांव से लेकर नगर तक जगह-जगह उनका स्वागत किया। दोनों नेता नगर के भाजपा नेता निश्चल गुप्ता के निवास पर भागवत कथा एवं पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

साथ ही संगठन में काम करने वाले पुराने साथी बलराम जायसवाल के निवास जाकर उनके परिवार से भेंट की। इससे पूर्व सरगांव के पास पथरिया मोड़ पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, नगर पंचायत सरगांव अध्यक्ष परमानन्द साहू एवं पार्षदों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं माल्यार्पण कर पवन साय व पुरंदर मिश्रा का स्वागत किया। साथ ही पथरिया नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति इंद्रजीत यादव, मेलाराम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह पर दोनों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, मंडल महामंत्री बलराम



जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जिला मंत्री रिंकू सिंह ठाकुर, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रघू वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, गणेश प्रसाद सोनी, रघुनन्दन कर्माकर, जिपं दस्य सभापति अनिला देवेन्द्र राजपूत, पार्षद इन्द्रजीत यादव, पार्षद प्रतिनिधि ओमू दीवान टीकाराम वर्मा, रीतेश यादव, शत्रुघ्न पाली, शिवकुमार, पार्षद देवेन्द्र जायसवाल, सुकदेव राजपूत, मीडिया प्रभारी महेंद्र गुप्ता, बलदऊ जायसवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी, सेक्टर-ए, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 30-के एवं 30-एल, कुल रकबा 20,000 वर्गफीट 99 वर्ष हेतु लीज (पट्टे) पर मेसर्स एम.आर.एस. स्टील फर्नीचर, प्रोप्रा-मोहम्मद रफीक अहमद पिता-जलील खान निवासी-तैबा चौक, तालापारा बिलासपुर (छ.ग.) को आबंटित किया गया है।

स्व० मोहम्मद रफीक अहमद की मृत्यु हो जाने पर उनके वारिसानों श्रीमती तबस्सुम बेगम पति स्व० मोहम्मद रफीक अहमद, मोहम्मद शाहिद परवेज पिता स्व० मोहम्मद रफीक अहमद एवं सैय्यद अमरीन जहाँ पिता मोहम्मद रफीक अहमद द्वारा उक्त भूखण्ड स्व० मोहम्मद रफीक अहमद के पुत्र मोहम्मद राशिद परवेज पिता-मोहम्मद रफीक अहमद के नाम पट्टाभिलेख दर्ज कराने एवं भूमि अंतरण/ हस्तांतरण किये जाने हेतु उत्तराधिकारी के रूप में लिखित सहमति एवं नोटराईज शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण में उक्त इकाई के स्वामित्व में रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही किया जाना है। यदि उक्त इकाई के अंतरण/ हस्तांतरण संव्यवहार एवं नाम परिवर्तन के संबंध में किसी वैध उत्तराधिकारी/ किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मय पुष्ट दस्तावेजो सहित अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति अवैधानिक व शून्य होगी।

प्रबंध संचालक
सीएसआईडीसी लि. उद्योग, भवन रिंग रोड नं.-1 तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है। श्री रक्तिम सारखेल उम्र 29 वर्ष पिता श्री चंदन सारखेल निवासी वार्ड न. 9 मकान न. 9 प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की नजुल भूमि स्थित मोहल्ला मसानगंज रानिम बिलासपुर नपानि वार्ड 23 अशफाक उल्ला खा ईदगाह चौक से मध्य नगरी चौक जाने वाली मुख्यमार्ग पर स्थित है जिसका की नजुल भूमि शिट न. 20 प्लाट न. 3/35 रक़बा. 800 (10X80) वर्गफिट है जिसका खरीदने का पक्का सौदा कर बैयाना राशि दी जा चुकी है।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति होतो इस सुचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेजो सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा उसके बाद की किसी भी प्रकार की आपत्ति आमान्य होंगी। सो सुचना जाने।

भवदीय
अजेंद्र सिंह
मो. 7000520559

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है। श्री अभय बरुआ उम्र 32 वर्ष पिता श्री सुरेश बरुआ निवासी जे आर MIG -01 पोस्ट ऑफिस के पास राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की नजुल भूमि स्थित मोहल्ला मसानगंज रानिम बिलासपुर नपानि वार्ड 23 अशफाक उल्ला खा ईदगाह चौक से मध्य नगरी चौक जाने वाली मुख्यमार्ग पर स्थित है जिसका की नजुल भूमि शिट न. 20. प्लाट न.3/2 रकबा 800 (10X80) वर्गफिट है जिसका खरीदने का पक्का सौदा कर बैयाना राशि दी जा चुकी है!

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति होतो इस सुचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेजो सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा उसके बाद की किसी भी प्रकार की आपत्ति आमान्य होंगी। सो सुचना जाने।

भवदीय
अजेंद्र सिंह
मो. 7000520559

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है। श्री आशीष पाण्डेय उम्र 29 वर्ष पिता श्री शैलेन्द्र पाण्डेय निवासी वार्ड क्र. 14 आर 03 विनोबानगर बिलासपुर (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की नजुल भूमि स्थत गोहल्ला मसानगंज रानिम बिलासपुर नपानि वार्ड 23 अशफाक उल्ला खा ईदगाह चौक से मध्य नगरी चौक जाने वाली मुख्यमार्ग पर स्थित है जिसका की नजुल भूमि शिट न. 20 प्लाट न. 3/36 रकबा 800 (10X80) वर्गफिट है जिसका खरीदने का पक्का सौदा कर बैयाना राशि दी जा चुकी है!

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति होतो इस सुचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त दस्तावेजो सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा उसके बाद की किसी भी प्रकार की आपत्ति आमान्य होंगी। सो सुचना जाने।

भवदीय
अजेंद्र सिंह
मो. 7000520559

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //

क्रमांक/क/अति.. तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर दिनांक 17/10/2025
पक्षकार-खुमान सिंह ठाकुर विरूद्ध प्रदीप मिश्रा
मौजा- खमतराई प.ह.नं. 25
ई.रा.प्र.क्र.......-/अ-6/2024-25

ग्राम खमतराई प.ह.न. 25 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुमान सिंह ठाकुर पिता नर्मदा प्रसाद ठाकुर निवासी अमतराई तहसील व जिला शहडोल (म.प्र) के द्वारा ग्राम खमतराई प.ह.नं 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि खसरा नंबर 554/140 रकबा 1279 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17/12/2021 को क्रय करने उपरांत अंतर्गत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु पंजीकृत की छायाप्रति शपथ पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख, बी-1, सहित आवेदन पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी ।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
समंस

क्रमांक/क/वा.अति.तह. /2025
बिलासपुर, दिनांक 29/10/2025

एतद्वारा श्री सुखीराम वल्द रामजी, राकेश कुमार वल्द सुखीराम निवासी मंगला बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1446/1 रकबा 0.26 एकड़ / 0.105 हेक्टेयर भूमि का अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती गायत्री कश्यप उम्र 61 वर्ष पिता स्व. नरेन्द्र कुमार कश्यप पति स्व. श्री डी.एल. कश्यप, निवासी-काली मंदिर के पास तेलीपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 17/11/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 17/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202510250500अ-2/ 2025-26
ग्राम पड़ियाईन, प.ह.नं. 1

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. दीनदयाल साहू पिता मेलाराम साहू निवासी पड़ियाईन तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम पड़ियाईन प.ह.न. 1 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 553/11 रकबा 0.1620 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 14/11/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**

मौजा चांटीडीह, प.ह.न. 33, रा.नि.म. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 73, 77, 79/2 ,80, 81/1 कुल रकबा क्षेत्रफल 156661.6 वर्गफुट पर निर्मित बहुमंजिला आवासीय परिसर हर्ष किंगडम के ब्लाक A के पंचम तल का प्रकोष्ठ क्रमांक A-507 रकबा 1058 वर्गफुट है जिसे मेसर्स एस.के. बिल्डर्स एण्ड डेव्लपर्स बिलासपुर (छ.ग.) भागीदार श्यामलाल कान्जानी के द्वारा श्रीमति ज्योति अग्रवाल पति श्री हितेश कुमार अग्रवाल निवासी इंदू उधान चौक सिविल लाईन जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 26/03/2016 ग्रंथ क्रमांक 27992, पंजीयन क्रमांक 8324 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के माध्यम से विक्रय किया गया है। उक्त फ्लैट को श्रीमति ज्योति अग्रवाल द्वारा श्री प्रिंस सोनी पिता श्री पितांबर सोनी निवासी अग्रसेन चौक कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) वाले को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त फ्लैट पर श्री प्रिंस सोनी का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्री प्रिंस सोनी से कही गुम हो गया है। श्री प्रिंस सोनी द्वारा उक्त फ्लैट को बंधक कर इंडियन बैंक शाखा व्यापार विहार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त फ्लैट के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा। सो सूचना जानें। दिनांक 03/11/2025

भवदीय
M.L. YADAV Advocate
MIG-2/14, Narmada Nagar
BILASPUR (C.G.) Mob. 9300325314

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सकरी जिला-बिलासपुर**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:-जिला **बिलासपुर** तहसील-**सकरी**
प.ह.नं. OOO44 हाफा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक
CT202526401115500005
ईश्तहार

तहसील **सकरी** के प.ह.नं. 00044 के अंतर्गत ग्राम हाफा के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रीमति विभा ध्रुव पिता/पति-लोकनाथ पता- सा हिर्रीमाईनस तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 285/1 (O.3360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **रजित ध्रुव पिता/पति-लोकनाथ ध्रुव पता-ए-8 ओम जोन, शुभम विहार, मंगला** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/11/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तायार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: राहुल शर्मा
तहसील सकरी

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
शपथ पत्र

मैं कल्पना चौहान उम्र 49 वर्ष पति संजय राव चौहान, पता वार्ड नं. 07, पन्ना नगर, मिनी बस्ती, जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001 की निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मैं कल्पना उर्फ संजना चौहान पति संजय राव चौहान, **कल्पना एवं संजना दोनों नाम मेरा ही है,** मैं एक ही व्यक्ति हूं, मेरे सभी दस्तावेजों में कल्पना चौहान नाम है मेरे रजिस्ट्री पेपर में संजना चौहान नाम है, मेरे को कल्पना चौहान उर्फ संजना के नाम से ही जाना जाता है और आज दिनांक 03.11.2025 से कल्पना चौहान (KALPANA CHAUHAN) के नाम से ही भविष्य में जाना जावे, जो भी जानकारी मेरे द्वारा दिया गया है वो पूर्णतः सत्य है सही है एवं इसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
3. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य व सही है किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित करती हूं।

कल्पना चौहान
शपथकर्ती

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
ईश्तहार

क्रमांक /Q/तह.वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 30/10/2025
**पक्षकार- सुदेशचंद्र कुमार विरुद्ध छ.ग. शासन**
प्रकरण क्रमांक...../अ-6-अ/2024-25

ग्राम/मौजा-जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदेशचंद्र कुमार पिता स्व.हरीश चन्द्र कुमार निवासी-टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.166/17 रकबा 0.020 हे. भूमि को आनलाईन राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। आवेदक के द्वारा खसरा नं. 166/17 रकबा 0.020 हे. में अपना नाम दर्ज /सुधार /त्रुटि सुधार किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 14/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
ईश्तहार

क्रमांक /क/तह.वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 16/10/2025

ग्राम जुना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जुना बिलासपुर प.ह.नं.36, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 819/148 रकबा 0.02 डि. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक/आवेदिका मोहम्मद अय्युब कुरैशी पिता/पति सिद्दीक कुरैशी निवासी तारबाहर बिलासपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 17/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी ने युवकों के साथ की गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** अपने घर के बाहर बैठे दो युवकों के साथ नशेड़ी युवक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हरिया निवासी रोहित कुमार कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, शाम 6 बजे के आसपास वह अपने साथी प्रमोद कौशिक के साथ अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान शराब के नशे में धुत सोनू यादव वहां से गुजरा और बाहर क्यों बैठे हो कहकर दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### गौरा-गौरी कार्यक्रम देखने गए ग्रामीण के घर से 10 हजार पार

**तखतपुर।** गौरा-गौरी कार्यक्रम देखने गए ग्रामीण के घर पर धावा बोलते हुए अज्ञात चोर ने 10 हजार रूपए पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरेली निवासी पूरन लाल कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह लीलाराम की दुकान के पास बैठा था और उसकी मां एवं पत्नी दोपहर 12 बजे गांव में गौरा-गौरी कार्यक्रम में शामिल होने गई हुई थीं। उसके पड़ोसी ने लगभग 3 बजे फोन कर बताया कि, उसके घर का ताला टूटा हुआ है। उसने घर आकर देखा तो पेटी में रखे 10 हजार रूपए नकद चोरी हो चुके थे। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305, 331,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### रामचरितमानस ने मानव समाज का मार्गदर्शन किया: चिन्मयानंद

**लोरमी।** मानस मंच में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन चिन्मयानंद बापू ने वंदना प्रकरण एवं शिव



चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि, गोस्वामी तुलसी दास ने राम चरितमानस से मानव समाज को मार्गदर्शन दिया है। वर्ण और मानव के बीच में यह संपूर्ण कथा है। पूज्य बापू ने कहा कि, बाबा तुलसी के नजरों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र में सबसे ज्यादा महत्व मानव का है। उन्होंने बाल कांड के वर्ण से शुरू किया और उत्तरकांड के अंतिम शब्द मानव पर विराम दिया। बापू ने आगे कहा कि, बाबा तुलसीदास हमारे बौद्धिक एवं विचारक महापुरुष हैं। हम अच्छे मानव बनें, इसी परिकल्पना को लेकर उन्होंने रामचरितमानस जैसे यह सुंदर ग्रंथ की रचना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या मानस प्रेमी उपस्थित रहे। मंगलवार की कथा में शिव-पार्वती विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### केमिस्ट संघ का चुनाव गणेश बने अध्यक्ष



**पेंड्रा।** सीसीडीए से मान्यता मिलने के बाद जीपीएम जिले के जिला औषधि विक्रेता, केमिस्ट संघ का प्रथम चुनाव 2 नवंबर को पेंड्रा में संपन्न हुआ। चुनाव में एकता पैनल के सभी तीनों उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में गणेश उपाध्याय ने 8 वोटों से विजय प्राप्त की। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर ऋतुराज अग्रवाल ने 23 वोटों से जीत हासिल की। सचिव पद पर श्रीकांत चतुर्वेदी ने सबसे बड़ी 26 वोटों की बढ़त के साथ विजय दर्ज की। जिले में कुल 114 सदस्य पंजीकृत थे, जिनमें से 108 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जीत के बाद विजयी प्रत्याशियों ने कहा कि, आपका बहुमूल्य मत हमारे पैनल को मिला है। हम अपने पूरे पैनल की तरफ से आप सभी को आश्वस्त करते हैं, कि अपने जिले को एक ऐसे मुकाम तक पहुंचाएंगे जहां सेवा प्रमुखता से होगी और बिना भय के व्यापार करने हेतु आप सभी को आजादी होगी। इस अवसर पर प्रदेश के अध्यक्ष उमेश सिरोठिया और प्रदेश के कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे।

### रामकुमार बने पथरिया तहसील साहू संघ के अध्यक्ष



**पथरिया।** पथरिया तहसील साहू संघ का निर्वाचन जुनवानी साहू भवन में संपन्न हुआ, जिसमें प्रवेक्षक के रूप में जिला साहू संघ के अध्ययक्ष पुहुप राम साहू, पुर्व अध्यक्ष बलदाऊ साहू, महामंत्री हीरालाल साहू, रामकुमार साहू उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद रामकुमार साहू को एक बार फिर से तहसील अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष विष्णु साहू, महिला उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, संगठन सचिव लेखराम साहू एवं महिला संगठन सचिव के रूप में उषा साहू का निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर कृष्णा साहू, संतोष साहू, भीखम साहू, रामदुलार साहू, रामकुमार साहू, विष्णु साहू, झूमुक साहू, नीतू साहू, सोनाली साहू, सुखुराम साहू, भरत साहू, परसकापा, गोविन्द साहू, दिव्यांशु साहू, भानू साहू, जलेश्वर साहू, भगीरती साहू, अभेराम साहू, अशोक साहू, पुनीत साहू, बबला साहू, बुधारी साहू, खेमू साहू, संतोष साहू, राजेंद्र साहू, दीपक साहू, लोकेश साहू, खिलेश्वर साहू, रमेश साहू, प्रमोद साहू, यशवंत साहू, जलेश्वर साहू, दरस साहू, पवित साहू, मुरीत साहू, गणपत साहू, दुर्गेश साहू, अनिल साहू नवीन साहू, रविलाल साहू, डीपी साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राज्योत्सव का शुभारंभ, शर्मा ने अपने गीतों से बांधा समां

# 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य ने उत्तरोत्तर प्रगति की : मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



हितग्राहियों को आवास की चाबी देते विधायक पुन्नुलाल मोहले।

■ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीएफओ अभिनव कुमार, एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों ने उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। जनसंपर्क, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिवासी विकास विभाग, विद्युत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्योग आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्र एवं उपलब्धियों को दर्शाया गया। विधायक मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों की ओर से दी जा रही जानकारी की सराहना की। साथ ही पात्र एवं जरुरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ ने इन 25 वर्षों में जो प्रगति की है, वह जनसहभागिता और शासन की संवेदनशील नीतियों का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने राज्य बनने की पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि, पहले परिस्थितियां कठिन थीं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले मध्यप्रदेश राज्य में शामिल था, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने 1 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश राज्य से अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उस समय हमारा राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क कई मामले में हम काफी पीछे था, लेकिन राज्य बनने के बाद स्थिति बदली और हम आज विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए मिसाल बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य ने उत्तरोत्तर प्रगति की है। कलेक्टर ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, छत्तीसगढ़ की प्रगति के साथ जिले ने भी 1 जनवरी 2012 में गठन के पश्चात कई क्षेत्रें में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने अपने सुमधुर गीतों से समां बांधा। राज्योत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकनृत्यों और पारंपरिक गीत–संगीत के माध्यम से 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की भावना को साकार रूप दिया गया। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित- कार्यक्रम में विधायक मोहले सहित अन्य अतिथियों ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया। इस दौरान मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आइस बॉक्स एवं महाजाल, आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को मोची पेटी एवं औजार, कृषि विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को निशुल्क पावर स्प्रेयर, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चार हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अंतर्गत 10 हितग्राहियों को 10–10 हजार रुपए का चेक, उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत 5 हितग्राही, श्रम विभाग अंतर्गत 2 हितग्राही, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5 हितग्राही, सीएसईबी अंतर्गत 5 हितग्राहियों को सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रमाण पत्र, खेल विभाग अंतर्गत 10 अधिकारियों को बॉक्सिंग किट वितरण कर लाभान्वित किया गया।

### स्टॉल निरीक्षण के दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष की कटी जेब



**मुंगेली।** जिला स्तरीय राज्योत्सव के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि विधायक, कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ स्टालों का निरीक्षण कर रहे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक की जेब कट गई। राज्य स्तरीय राज्योत्सव के बाद जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रविवार रात 8 बजे किया। इस दौरान तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्टालों का निरीक्षण कर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष व पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश पाठक की जेब से किसी जेबकतरे ने पर्स पार कर दिया। हैरानी की बात तो यह है कि, आसपास पुलिस की मौजूदगी के बीच भी पर्स कैसे गायब हो गया। शैलेश पाठक ने सिटी कोतवाली थाने में लिखित आवेदन देते हुए बताया कि, स्टॉल निरीक्षण के दौरान ही जेब से उनका पर्स पार हो गया। पर्स में एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड, पेन कार्ड व आधार कार्ड सहित नकद 7 हजार रुपए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं: रेवाशंकर



■ मस्तूरी कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन-5 के चयन ट्रायल संपन्न

**सीपत।** सीपत क्षेत्र के ग्राम हरदाडीह में रविवार को मस्तूरी कबड्डी प्रीमियर लीग 2025 (सीजन-5) के चयन ट्रायल का समापन हुआ। इस अवसर पर मस्तूरी ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए कुल 124 खिलाड़ियों ने अपने कौशल, दमखम और खेल भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मैदान में युवाओं का उत्साह देखने लायक था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कबड्डी संघ मस्तूरी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष छग कबड्डी संघ अवधराम चंद्राकर, हरदाडीह सरपंच मंगलराम, कार्यकारिणी अध्यक्ष कपिलनारायण पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री यदुराम साहू, संरक्षक रामकुमार पटेल, ब्लॉक कबड्डी संघ मस्तूरी के सचिव मनोज सिदार, रेशमलाल मैत्री, उपाध्यक्ष धनेश्वर नेताम और देवेंद्र साहू सहित कई खेल प्रेमी एवं कबड्डी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रेवाशंकर साहू ने कहा कि, गांव-गांव से निकल रही प्रतिभाएं इस बात का प्रमाण हैं कि, अब ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। कबड्डी हमारे संस्कारों से जुड़ा खेल है, जो हमें अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास सिखाता है। ब्लॉक कबड्डी संघ का लक्ष्य है कि मस्तूरी को खेल प्रतिभाओं का केंद्र बनाया जाए। विशेष अतिथि हरदाडीह सरपंच मंगलराम सिदार ने कहा कि, गांव के युवाओं को मंच मिलना गर्व की बात है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों से हमारी ग्रामीण पहचान जुड़ी हुई है। हमें मिलकर इन आयोजनों को हर साल और भी बड़े स्तर पर करना चाहिए। खिलाड़ियों ने ट्रायल मैचों में बेहतरीन रणनीति, फुर्ती और टीम भावना का प्रदर्शन किया। चयन समिति ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी मस्तूरी कबड्डी प्रीमियर लीग के लिए चयनित किया। मैदान पर दर्शकों की तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह कई गुना बढ़ गया। इस अवसर पर विजय मिश्रा सह कोषाध्यक्ष, सुरेश पटेल संगठन सचिव, प्रभु मरावी, विनोद आर्मो, विजेंद्र पटेल, रामा पटेल, मुकेश पटेल, दशरथ मेरावी, लक्ष्मण ओरकेरा सहित कबड्डी संघ के पदाधिकारी व खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लिपिक को पद अनुरूप दायित्व मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मुख्य वन संरक्षक ने पीड़ित लिपिक पात्रे को पद अनुरूप दायित्व सौंपने किया निर्देश जारी

वन विभाग मुंगेली के डीएफओ ने वरिष्ठ लिपिक को आवक जावक शाखा में कार्य करने का आदेश जारी करने के साथ ही उक्त कार्य नहीं करने पर वेतन रोकने आदि का दबाव बनाकर लिपिक को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उक्त बाते संघ के संज्ञान में आने पर छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने मुंगेली डीएफओ के उक्त आदेश और उसकी कार्य प्रणाली का पुरजोर विरोध कर घेराव की चेतावनी दी गई।

बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पांडेय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। मुख्य वन संरक्षक से हुई वार्ता में डीएफओ के जारी आदेश किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं होने की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने मुंगेली डीएफओ अभिनव कुमार की भाषा एवं कार्य प्रणाली का पुरजोर विरोध किया। संघ प्रतिनिधि मंडल से हुई वार्ता में मुख्य वन संरक्षक श्री पांडेय ने मुंगेली डीएफओ को भाषा एवं कार्यप्रणाली सुधारने की बात कहते हुए विवादित आदेश निरस्त करने के मौखिक निर्देश दिए। संघ को लिखित में तुरंत निर्देश जारी करने का आश्वासन देते हुए तत्काल पीड़ित लिपिक बीएल पात्रे को पद अनुरूप स्थान पर पदस्थापना के निर्देश जारी किया गया। मुख्य वन संरक्षक से लिखित निर्देश प्राप्त होने के पश्चात वन विभाग के बिलासपुर ओर मुंगेली के लिपिकों से हुई चर्चा पश्चात सर्व सम्मति से मुंगेली वन मंडल का घेराव आगामी तिथि तक स्थगित करने का निर्णय संघ ने लिया।

### स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष बने आनंद

**मुंगेली।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रथम दिवाली मिलन समारोह आरके पैलेस पंडरिया रोड में आयोजित हुआ, जिसमें राज्य के कई जिलों के स्वजाति भाई-बहन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सोनी मुख्य अतिथि एवं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सोनार समाज के पूर्व अध्यक्ष जगतराम सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कवर्धा, रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, संबलपुर, उड़ीसा, लोरमी, पंडरिया, सेतगंगा के स्वजातीय भाईयों एवं बहनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सोनी ने स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रथम आयोजन में समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर समाज के उन्नति हेतु सामने आने का आग्रह किया।

## वनाचंल में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरूकता शिविर



**लोरमी।** विकाखंड के सुदूर वनांचल स्थित बैगा ग्राम सारसडोल में टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 66 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी मरीज 4, सर्दी-खासी 22, दाद-खाज-खुजली 11, बीपी शुगर 2, कमजोरी 17, हाथ-पैर दर्द 12 एवं अन्य के 2 मरीजों की जांच कर दवा एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पाम्पलेट वितरण कर बचाव संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया जाएगा। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिला साहा के मार्गदर्शन में जिले के सुदूर पहुंचविहीन बैगा ग्रामों में टीबी एवं लेप्रोसी हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है, जिसमें संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर उनकी उपयुक्त जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है। उक्त ग्राम में जनजागरण शिविर के लिए एक दिन पूर्व कोटवार से मुनादी कराई गई एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों के द्वारा गांव में प्रचार-प्रसार किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, सेक्टर सुपरवाइजर मणिलाल पैकरा मौजूद रहे।

## धनुहारपारा स्कूल में बच्चों को टी-शर्ट वितरण



**लगरा।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला धनुहारपारा संकुल केंद्र बसहा में सामाजिक सहभागिता के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हंसवाहिनी ब्लड सेंटर बिलासपुर के सौजन्य से विद्यालय के सभी बच्चों के ब्लड ग्रुप की जांच की गई। इस अवसर पर हंसवाहिनी शिक्षण एवं सेवा समिति की ओर से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के बच्चों को स्कूल टी-शर्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार काछी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह एवं आनंद का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनारायण सिंह राज, सीमारानी भारद्वाज, दिनेश बंजारे, गौकर्ण उपाध्याय, अजीत कुजूर सहित अन्य ग्रामीण एवं अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय में सामाजिक सरोकारों के प्रति जनजागृति और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### मौहाभाठा में जगराता, विभिन्न मंडिलियों ने दी प्रस्तुति

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ लोक कला मंच द्वारा मौहाभाठा में जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति रूपराम साहू एवं गायका वर्षा साहू की ओर से दी गई। मौहाभाठा में आयोजित इस कार्यक्रम में महामाई मंडली ठकुरीकापा के कलाकार कमल साहू की टीम ने झांकी प्रस्तुत किया तथा श्री माता सेवा समिति कर्रा के कमल निषाद एवं लक्ष्मण निषाद ने जसगीत प्रस्तुत किया। साथ ही नेहा पायल ने भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पिल्लूराम साहू, नीरज पाण्डेय, धन लाल ढनढन, मनीष जांगड़े, रेमन साहू, सहदेव, घनश्याम, सुरेश, श्याम, सीताराम, सुशील, सूरज, रोहित, आशीष, रघुनंदन, भरत, विशाल, अमित, राहुल, मनोहर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा संस्कृति का विकास व संरक्षण वर्तमान समय की मांग: भोजराम



**लोरमी।** क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित ग्राम सेमरापारा में पूर्ण ईशर गौरा एवं महापूजन गुरु दादा दुर्गे भगत व गुरु माता दुर्गे दुलेश्वरी ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। उन्होंने गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ ईशर-गवरा पूजा-अर्चना कर शिक्षा व स्वास्थ पर चर्चा की। उन्होंने जनजाति समाज के मातृ शक्तियों को संबोधित करते अपने घर के बेटे-बेटियों को आईपीएस और अन्य प्रशासनिक पदों तक पहुंचाने सेवा भाव से परिश्रम करने की अपील की। वहीं सामाजिक विषयों को वर्तमान समय में सतत चलाते हुए सेवा कार्यों की एक विशिष्ट श्रृंखला चलाने का आह्वान राजकुमार कश्यप ने किया गया। साथ ही नशामुक्त समाज के प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक राजकुमार कश्यप, नन्द कुमार पैकरा वीरेंद्र मरावी, सुरेश शोरी, उत्तम धुव्र, दरबारी यादव, चंदभान नेताम, लछन मरकाम, गजानन मुरेटी, सोनाऊ ध्रुवे, बिंदु मरकाम, चंद्रकुमार पटवारी, नरेंद्र मरावी, दिलहरण मरावी उपस्थित रहे।

## जोन स्तरीय बैठक में शामिल हुए 110 स्कूलों के प्रधान पाठक

# शिक्षा की गुणवत्ता और जवाबदेही हमारी प्राथमिकता: टंडन

**सीपत।** आत्मानंद स्कूल सीपत में सोमवार को शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठकों की जोन स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मस्तूरी विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास ने किया। बीईओ शिवराम टंडन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा की गुणवत्ता तभी बढ़ेगी जब शिक्षक अपने उत्तरदायित्व को पूर्ण समर्पण से निभाएंगे। विद्यालयों में अनुशासन, नियमितता और पारदर्शिता आवश्यक है। विभागीय योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा, जब उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी से लागू किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि, अब समय परिणामोन्मुख कार्य का है। जो भी शिक्षक लंबे समय से अनुपस्थित हैं या अपनी जिम्मेदारी से विमुख हैं, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही जो शिक्षक नवाचार और मेहनत से विद्यालय का मान बढ़ा रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बीईओ ने विद्यालयों में स्वच्छता, नशा



बैठक में शामिल बीईओ एवं प्राचार्य।

मुक्ति, बाल सुरक्षा, शिक्षा गुणवत्ता सुधार जैसे बिंदुओं पर विशेष बल देते हुए कहा कि, हर प्रधान पाठक अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने का संकल्प लें। संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास ने कहा कि, बैठक में लिए गए प्रत्येक निर्णय को विद्यालय स्तर पर गंभीरता से लागू किया जाएगा। संकुल स्तर पर हर महीने प्रगति की समीक्षा होगी ताकि योजनाओं का असर वास्तविक रूप से दिखे। बैठक में कुल 28 बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की गई, जिनमें निर्माण कार्य प्रगति, समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री योजना, सेजेस अपडेट, नवीन शौचालय निर्माण, भवन विहीन विद्यालयों की स्थिति, यूडाइस अपडेट, शिक्षक प्रोफाइल सुधार, मर्ज शाला संसाधन, युथ इको क्लब, स्वेच्छाउत्सव रंगरोगन, बैगलेस डे गतिविधियां, बालवाड़ी आंकलन, जाति-निवास-आय प्रमाणपत्र सत्यापन, विभागीय निरीक्षण कार्ययोजना, मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, साइकिल वितरण, शिक्षा गुणवत्ता मूल्यांकन सहित अनेक मुद्दे शामिल रहे। इस अवसर पर सीपत बालक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास, कन्या संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय, रामबाबू कर्ष, तुलेश्वर सिंह कौशिक, रमेश पटेल, धर्मेंद्र प्रकाश गौरहा, रामप्रसाद साहू, सेजेस प्रभारी प्राचार्य सरिता यादव, कन्या प्राचार्य एबी कुजूर, जांजी स्कूल प्राचार्य ज्योति तिर्की, दर्राभांठा स्कूल प्राचार्य सुजय शरण, गायत्री कौशिक, रजनीश अरोरा, दिलीप पाटले सहित 110 विद्यालयों के प्रधानपाठक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत बिटकुला में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध



**खम्हरिया।** ग्राम बिटकुला में नशा मुक्ति अभियान के तहत सरपंच बुधवारा बाई गंधर्व व पंचायत महिला समिति ने शराब बिक्री को पूरी तरह से प्रतिबंध किया। गांव में शराब बनाने और बेचने को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया एवं शराब पकड़ाने पर सीधे थाने के सुपुर्द कर 5 हजार जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सार्वजनिक जगह शराब पीकर गाली-गलौज करने वालों को थाने के सुपुर्द कर 2 हजार 70 रपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। साथ ही शराब बेचने की जानकारी देने वाले को 2 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। गांव में गांजा बेचने और सार्वजनिक जगह पर गांजा पीते पकड़ाने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना होगा। हर एक मोहल्ले में समितियों का गठन किया गया है, जिसमें हरदुली, पैंगवा, नवापारा, मंदिरपारा व पटवापारा शामिल है। गांव में हर 15 दिन में नशा मुक्ति हेतु नारेबाजी होगी और पुरे गांव का भ्रमण किया जाएगा। उक्त मामले पर ग्राम पंचायत में की गई एवं लिखित रूप से सूचना थाने में दी गई।

## खबर संक्षेप

### रेलवेकर्मी के सूने मकान से जेवर, नकद चोरी

**बिलासपुर।** रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर, टीवी बर्तन, कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बंगलायार्ड निवासी रेलवेकर्मी मुकेश रविदास पिता राजेन्द्र रविदास 23 अक्टूबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर छठ पूजा में बिहार चले गए थे। 1 नवंबर की रात 9 बजे वे वापस घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। टीवी, सोने का कान का झुमका, कांसे के बर्तन, कपड़ा जींस टीशर्ट, 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री रविदास की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### युवक के सिर पर बोतल धारदार वस्तु से हमला

**बिलासपुर।** राशन लेने जा रहे युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर बीयर की बोतल व धारदार वस्तु से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, लोखंडी रोड एफ एम परफेक्ट होम निवासी अश्वनी वर्मा पिता रामकिशोर वर्मा अपनी बहन के साथ रहते हैं। 5 दिन पूर्व समीर सूर्यवंशी अपने अन्य साथियों के साथ कालोनी में खड़ा होकर कालोनी के लड़कियों के संबंध में बोल रहा था। उन्होंने युवकों को मना किया तो समीर सूर्यवंशी ने कालर पकड़कर गाली गलौज की। 2 नवंबर को वे बाइक से राशन लेने दीनदयाल कालोनी की ओर जा रहे थे। शाम 7.30 बजे एल एवेन्यू गेट के पिछला गेट पुल के पास गुटखा खाने के लिए रूके तो चेहरे में गमछा बांधे तीन चार युवक मारपीट करने लगे। एक लड़के ने उनके सिर में बीयर की बोतल से मारा एवं दूसरे युवक ने धारदार वस्तु से मारने का प्रयास किया, रोकने पर हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5,351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हथकड़ी खोलकर भागा एक आरोपी पकड़ा गया

**बिलासपुर।** तहसील कार्यालय से दो आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गए थे। तीसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी को उसके मामा के घर में दबिश देकर पकड़ लिया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। शुक्रवार को देर रात संदिग्ध रूप से घूमते तेलसरा निवासी साहिल पिता शिव सिंह नेताम 19 साल व मोहन को पकड़ा गया था। शनिवार को दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, जयप्रकाश डहरिया दोनों को हथकड़ी लगाकर बिल्हा तहसील कोर्ट में पेश करने गया था। इस दौरान दोनों युवक हथकड़ी खोलकर भाग गए थे। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, सोमवार को पतासाजी कर फरार आरोपी साहिल नेताम को उसके मामा के घर मस्तूरी बेलटुकरी से पकड़ लिया गया है। उसके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

---

**घरोंघर पहुंचकर जानकारी देंगे 1815 बीएलओ** | एक माह तक चलेगा फार्म भराने का काम

# एसआईआर आज से, काम पर लगाया गया 3800 अधिकारी-कर्मचारियों का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगवार 4 नवंबर से शुरू हो रहा है। इस एसआईआर के काम में निर्वाचन कार्यालय की ओर से जिले के 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों के अमला को लगाया गया है। वहीं 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ घर-घर पहुंचकर जानकारी लेंगे। इसके तहत फार्म भराने, जमा कराने का काम 4 दिसंबर एक माह तक चलेगा। सोमवार को निर्वाचन कार्यालय से सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए गणना प्रपत्र, फार्म भेजने का सिलसिला चलता रहा।

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर का निर्णय लिया है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अभियान 4 नवंबर से शुरू हो रहा है। बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1815 मतदान केन्द्रों को आधार मानकर विधानसभावार 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। ये बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों अंतर्गत घर-घर पहुंचकर जानकारी लेंगे। मतदाता सूची के इस गहन पुनरीक्षण कार्य में जिले के 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया है। इसमें बूथ स्तर अधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाएंगे और एकत्रित सभी फार्म और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। बीएलओ यह भी देखेंगे कि प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण सही रूप से दर्ज किया है कि नहीं। इसके साथ ही वे मतदाताओं को यह जानकारी देंगे कि यदि किसी प्रकार की त्रटि, चूक पाई जाती है तो वे दावा-आपत्ति कर सकते हैं।



#### विधानसभावार बूथ व बीएलओ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ■ कोटा | 232 बूथ | 232 बीएलओ | 232 अभिहित अधिकारी | 33 सुपरवाईजर |
| ■ तखतपुर | 348 बूथ | 348 बीएलओ | 348 अभिहित अधिकारी | 35 सुपरवाईजर |
| ■ बिल्हा | 262 बूथ | 262 बीएलओ | 262 अभिहित अधिकारी | 26 सुपरवाईजर |
| ■ बिलासपुर | 271 बूथ | 271 बीएलओ | 271 अभिहित अधिकारी | 27 सुपरवाईजर |
| ■ बेलतरा | 308 बूथ | 308 बीएलओ | 308 अभिहित अधिकारी | 31 सुपरवाईजर |
| ■ मस्तूरी | 394 बूथ | 394 बीएलओ | 394 अभिहित अधिकारी | 39 सुपरवाईजर |

#### आनलाइन फार्म भरने की सुविधा

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत आनलाइन फार्म भरने की सुविधा भी दी गई है। लोग ईसीआई के वेबसाइट पर जाकर भी अपना फार्म भर सकते हैं या अपलोड कर सकते हैं। बीएलओ आनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करेंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू होने के पहले बीएलओ सहित इस कार्य में लगाए गए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच प्रशिक्षण दिया गया।

---

**जूना बिलासपुर का मामला:** कोतवाली चौक से गांधी चौक तक आने-जाने वालों को हुई परेशानी

# जर्जर सड़क को लेकर तीन घंटे चक्का जाम



जूना बिलासपुर सड़क का निरीक्षण करते प्रशासनिक अफसर व नागरिक।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते स्थानीय व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया, जो करीब तीन घंटे तक चलता रहा। इस दौरान कोतवाली चौक से लेकर गांधी चौक तक आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नायब तहसीलदार और कोतवाली टीआई के मौके पर पहुंचने और समझाइश देने के बाद आंदोलनकारियों चक्का जाम समाप्त कर दिया।

शहर बचाओ सड़कें बनाओ की तर्ज पर प्रशासन ने काम करना शुरु कर दिया है, लेकिन शहर के कई स्थानों के अलावा मानसरोवर चौक से लेकर गांधी चौक और जगमल चौक के सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है। इस सड़क पर लोगों की काफी भीड़ भी होती है। सबसे अधिक खराब स्थिति जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर के सामने से लेकर गांधी चौक के बीच है, जहां प्रतिदिन घटना दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है। स्थानीय लोगों की मांग पर यहां मुरुम मिट्टी डालकर गड्ढों को भर दिया जाता है, जिसकी हालत बारिश में काफी खराब हो जाती है। इस सड़क के कारण व्यापारी वर्ग भी परेशान हो चुके हैं। कई बार मांग करने के बाद भी प्रशासन सड़क को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसे लेकर सोमवार की सुबह 11 बजे जूना बिलासपुर व्यापारी संघ और स्थानीय निवासियों ने नागोराव शेष स्कूल चौक पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम करने के कारण गांधी चौक से लेकर गोलबाजार की ओर का रास्ता पूरी तरह से ब्लाक होने से लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी।

जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि ज्वाली पुल से लेकर गांधी चौक तक की सड़क शहर के पुराने एवं व्यस्त मार्गों में से एक है, जिसकी हालत जर्जर होने के कारण प्रतिदिन वाहन दुर्घटना व सवारी रिक्शा पलटने की घटना हो रही है। बारिश से जल जमाव व कीचड़ की समस्या हो जाती है। विभिन्न माध्यमों से अपनी मांगों को रखने के बाद भी जर्जर सड़क ती समस्या जस कर तस बनी हुई है। खराब सड़क के कारण धूल की समस्या से नागरिकों एवं व्यापारियों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

चक्का जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार, कोतवाली टीआई और स्टाफ मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने व्यापारियों के साथ मौके का निरीक्षण करने के उपरांत उनकी मांगों को कलेक्टर के समक्ष रखने की बात और समस्या का निवारण किए जाने का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत चक्का जाम समाप्त हुआ। चक्का जाम के दौरान जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के सचिव मनोज देवांगन, कोषाध्यक्ष अमरजीत गांधी, सखाराम देवांगन, मनोहर आहूजा, श्याम हरियाणी, रमेश नारवानी, मनीष गुप्ता, प्रकाश सिरवानी, गुरुबक्ष जैसवानी, बलराम हरियाणी, अखिलेश गुप्ता महेश दुबे सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

#### दिया गया है आश्वासन

पूर्व एल्डरमैन अखिलेश गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के सामने जाकर कई बार सड़क की समस्याओं से अवगत कराने के बाद अब तक किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण व्यापारियों का भी काम प्रभावित हो रहा है। इसी रास्ते से स्कूल के बच्चे भी आना-जाना करते हैं। नायब तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण किया है। उन्होंने जल्द ही सड़क की दुर्दशा को संवारने का आश्वासन दिया है। इसके उपरांत भी अगर प्रशासन का ध्यान नहीं जाता और काम नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### टेंडर की प्रक्रिया जल्द

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच करीब तेरह किलोमीटर लंबी सड़क बनने वाली है, जिसका टेंडर जल्द ही लगने वाला है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1 के कार्यपालन अभियंता सीएस विंध्यराज ने बताया कि यह बात बिल्कुल सही है कि जूना बिलासपुर मुख्य मार्ग के व्यापारी जर्जर सड़क और इस पर आवागमन के कारण उड़ने वाली धूल से परेशान हैं, लेकिन इसका समाधान अतिशीघ्र होने वाला है। सड़क निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

#### रिपेयर की आवश्यकता

मौके का निरीक्षण किया गया, जहां व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों ने सड़क की समस्या की जानकारी दी। इसकी हालत काफी खराब हो चुकी है, जिसके रिपेयर की आवश्यकता है। लोगों ने अपनी मांगों का पत्र दिया है, जिसे कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा। कलेक्टर से आदेश मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रकृति ध्रुव
नायब तहसीलदार

---

**मृतक छात्र को न्याय दिलाने**

# एबीवीपी ने सेंट्रल विवि में चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह हस्ताक्षर अभियान मृतक छात्र अर्सलान अंसारी को न्याय दिलाने के लिए चलाया गया। इस हस्ताक्षर अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई न्याय की मांग कर रही है और मृतक छात्र को न्याय दिलाने के लिए मुहिम छेड़ रखी है। इसी के तहत पिछले सप्ताह छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी का घेराव किया था। छात्रों ने यूनिवर्सिटी भीतर तालाब में हास्टल के एक छात्र की लाश मिलने के मामले में विशेष जांच की मांग की है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के विंग वार्डन, चीफ वार्डन और सुरक्षा अधिकारी को निलंबित करने की मांग भी यूनिवर्सिटी प्रबंधन के सामने रखी है। लेकिन छात्रों की मांग के बाद इनमें से किसी को भी न तो हटाया गया है और न ही निलंबित किया गया है।

#### सीयू कमेटी अलग से कर रही जांच

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फिजिक्टस डिपार्टमेंट के बीएससी का छात्र अर्सलान अंसारी मूलत छपरा बिहार का रहने वाला था, जो यूनिवर्सिटी हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। 21 अक्टूबर की शाम वह हास्टल से बाहर जाते देखा गया, उसके बाद से वह गायब था। बाद में यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में उसकी लाश मिली थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मीडिया प्रभारी प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से गठित कमेटी द्वारा हास्टल के छात्रों से पूछताछ की जा रही है और शिक्षकों एवं वार्डन, केयर टेकर आदि के बयान लिए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने प्रारंभिक जांच के बाद हाउस कीपिंग बुंदेला कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसके दो केयर टेकर कर्मचारी को हटा दिया है।

मृतक छात्र को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा आज यूनिवर्सिटी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यूनिवर्सिटी कैंपस में जगह-जगह टीचिंग डिपार्टमेंट के बाहर फ्लैक्स, पोस्टर लगाए गए थे, जिस पर छात्र-छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर किया गया है।



पोस्टरों पर हस्ताक्षर करते छात्र-छात्राएं।

#### तालाब में गिरने से छात्र का लोअर शरीर से बाहर कैसे निकला, ईयर फोन का पता नहीं

जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने के मामले में रहस्य अब भी बरकरार है। लाश मिलने के 3 दिन बाद पुलिस ने तालाब से लोअर व मोबाइल बरामद किया था। इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिला है कि छात्र के तालाब में गिरने पर उसका लोअर शरीर से कैसे निकलकर बाहर निकल गया। वहीं उसका ईयर फोन अब तक पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस अधिकारियों ने हास्टल में लगा सीसीटीवी फुटेज खंगाला है, जिसमें छात्र 5 बजे हास्टल से ईयरफोन लगाकर मोबाइल में बातचीत करते निकलता दिख रहा है और 5 बजकर 10 मिनट में तालाब की ओर जाते दिख रहा है। मोबाइल का रिकार्ड खंगालने में पाया गया शाम 4 बजे के बाद उसके मोबाइल में कोई काल नहीं आया है। इसका मतलब है छात्र वाट्सएप कालिंग में बात कर रहा था या गाना सुन रहा था। कोतवाई सीएसपी आईपीएस गगन कुमार का कहना है कि तालाब में गिरने पर छात्र के छटपटाने से लोअर बाहर निकलने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट बताया गया है किन्तु हड्डी फ्रैक्चर नहीं है। डाक्टरों से क्योरी कराने के लिए भेजा गया है। क्योरी व एफएसएल रिपोर्ट के फाइनल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

---

# डेमो दिखाकर हजारों रुपए फीस वसूल लिया

## कॉम्पिटिशन कम्युनिटी इंस्टीट्यूट का संचालक शिक्षकों से ही क्लास लेने के लिए शपथ पत्र मांग रहा

**बिलासपुर।** एफएम ग्रुप के कॉम्पिटिशन कम्युनिटी इंस्टीट्यूट में क्लासेस नहीं होने से भड़के प्रतियोगियों की क्लास अब तक शुरू नहीं हो सकी है। इधर कोचिंग संचालक शिक्षकों से ही क्लास लेने के लिए शपथ पत्र मांग रहा है, जबकि उसके द्वारा दिए गए चेक पहले भी बाउंस हो चुके हैं। छात्रों का आरोप है कि उन्हें बेहतर कोचिंग का डेमो दिखाकर हजारों रुपए फीस वसूल लिया गया है लेकिन, टीचर्स को सैलरी नहीं देने के कारण 15 दिनों से क्लासेस बंद हैं इससे छात्रों का भविष्य अधर में है। एक साल के कोर्स के लिए 45 हजार रुपए लिए गए हैं, लेकिन पढ़ाई अब तक अधूरी है। 12 महीने में सिलेबस पूरा होना था, जो 14 महीने बाद भी अधूरा है।

■ 15 दिन से क्लासेस बंद

संस्था के शिक्षक विकास सिंह और संजय साहू ने बताया कि, इंस्टीट्यूट में एक हजार छात्र ऑफलाइन और दो हजार छात्र ऑनलाइन मोड पर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों से 35 से 45 हजार रुपए तक फीस ली जा रही है। शिक्षकों के अनुसार, संस्था की मासिक आय 20 लाख रुपए से अधिक है, जबकि वेतन और अन्य खर्च लगभग 17-18 लाख रुपए हैं। इसके बावजूद सैलरी रोककर डायरेक्टर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि जब उन्होंने एडमिशन लिया, तब योग्य और अनुभवी शिक्षकों से क्लासेस कराने का डेमो दिखाया गया था लेकिन, पिछले तीन महीने से अनुभवहीन शिक्षकों से क्लासेस कराई जा रही है। छात्रों ने जब पुराने टीचर्स से जानकारी ली, तब उन्हें सैलरी नहीं मिलने की बात सामने आई। शिक्षकों ने बताया कि, दबाव बढ़ने पर संचालक मुर्तजा हुसैन ने दिवाली पर चार शिक्षकों को 50-50 हजार रुपए के चेक दिए थे, लेकिन यह सभी चेक बाउंस हो गए। इतना ही नहीं इस कारण शिक्षकों को अपने खाते से पेनल्टी भी भरनी पड़ी।



कोचिंग सेंटर में छात्रों और शिक्षकों ने मचाया जमकर हंगामा, पुलिस से की गई शिकायत

1 नवंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### सैलरी मांगी तो दो को नौकरी से निकाला

शिक्षकों ने बताया कि सैलरी मांगने पर डायरेक्टर ने दो शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया। दोनों को आठ महीने से सैलरी नहीं मिली थी। एक शिक्षक ने अपनी दिसंबर में होने वाली शादी के लिए सैलरी मांगी थी। डायरेक्टर ने दोनों को टर्मिनेशन लेटर ई-मेल करते हुए बकाया सैलरी की रकम 30 अप्रैल 2026 तक देने की बात कही है।

#### कक्षाएं बंद करने पर डायरेक्टर ने दिया था भरोसा

शिक्षकों ने यह भी बताया कि, बार-बार सैलरी रोकने से परेशान होकर उन्होंने पितृपक्ष में ही क्लास बंद करने का फैसला लिया था। तब डायरेक्टर ने नवरात्रि में और 17 नवंबर को सैलरी देने का वादा किया। पैसे न होने पर 21 नवंबर को सभी को बुलाया, लेकिन डायरेक्टर अपना मोबाइल बंद कर बचते रहे।

---

# कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व बेटी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी व बेटी घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार कालोनी निवासी मनमिन्दर सिंह कौर 2 नवंबर को अपने पति किशन सिंह, बेटी अवनीत कौर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएन, 5168 में सवार होकर व्यापार विहार जाने के लिए निकले थे। रात 9 बजे मंगला बाइपास रोड गैरेज के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 जेड 5941 के चालक ने रांड साइड से खतरनाक तरीके चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी व बेटी घायल हो गए। तीनों को नजदीक के निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। श्रीमती कौर ने आरोप लगाया है कि कार चालक शराब के नशे में था, बोलने से जुबान व चलने से लड़खड़ा रहा था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 185 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152


# इंदिरा सेतु के नीचे एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी

## जानकारी लेने लोगों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदिरा सेतु के नीचे नदी में एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लाश पूरी तरह सड़ गई है और उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सोमवार की शाम लोगों ने इंदिरा सेतु के नीचे नदी में एक व्यक्ति लाश तैरते हुए देखा। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद शव नदी से बाहर निकाला गया। लाश 10 से 15 दिन पुरानी होने से पूरी तरह सड़ गई थी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस दौरान वहां से गुजरने वाले लोगों में मृतक की जानकारी लेने आपस में चर्चा करते रहे। इस दौरान वहां ट्रैफिक जाम रहा। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।



13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च,
10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



21 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)